Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री:

नित्य कर्म पद्धति:
पं० प्रेमदत्त शास्त्री
जहाँगीराबाद (बुलन्दशहर)
उ० प्र०

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

ॐ हौं जूं सः। ॐ भूर्भुवः स्वः। त्र्यम्बकं यजामहे
सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। हौं ॐ जूं सः ॐ
भूर्भुवः स्वः।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नित्यकर्म विधि तथा देवपूजा पद्धति



(श्री सत्यनारायण तुलसी मानस मन्दिर, वाराणसी)

संस्थापक-श्री ठाकुरदास सुरेका

प्रवर्धक -श्री रतनलाल सुरेका

प्रकाशक-श्री राजकुमार सुरेका

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री रावणकृतशिवताण्डवस्तोत्रम्

श्रीगणेशाय नमः ॥ जटाटवीगलज्जलप्रवाहपावितस्थले गलेऽवलम्ब्यलम्बितां भुजङ्गतुङ्गमालिकाम् । डमड्डमड्डमड्डमन्निनादमड्डमर्वयं चकारचण्डताण्डवं तनोतु नः शिवः शिवम् ॥१॥ जटाकटाहसम्भ्रमभ्रमन्निलिम्पनिर्झरीविलोलवीचिवल्लरीविराजमानमूर्धनि । धगद्धगद्धगज्ज्वलल्ललाटपट्टपावके किशोरचन्द्रशेखरे रतिःप्रतिक्षणं मम ॥२॥ धराधरेन्द्रनन्दिनीविलासबन्धुबन्धुरस्फुरद्दिगन्तसन्ततिप्रमोदमानमानसे । कृपाकटाक्षधोरणीनिरुद्धदुर्धरापदि क्वचिद्दिगम्बरे मनो विनोदमेतु वस्तुनि ॥३॥ जटाभुजङ्गपिङ्गलस्फुरत्फणामणिप्रभाकदम्बकुङ्कुमद्रवप्रलिप्तादिग्वधूमुखे । मदान्धसिन्धुरस्फुरत्त्वगुत्तरीयमेदुरे मनो विनोदमद्भुतं बिभर्तु भूतभर्तरि ॥ ४ ॥ सहस्रलोचनप्रभृत्यशेषलेखशेखरप्रसूनधूलिधोरणीविधूसराङ्घ्रिपीठभूः । भुजङ्गराजमालया निबद्धजाटजूटकः श्रिय चिराय जायतां चकोरबन्धुशेखरः ॥५॥ ललाटचत्वरज्ज्वलद्धनञ्जयस्फुलिङ्गभानिपीतपञ्चसायकं नमन्निलिम्पनायकम् । सुधामयूखलेखया विराजमानशेखरं महाकपालि सम्पदे शिरोजटालमस्तु नः ॥६॥ करालभालपट्टिकाधगद्धगद्धगज्ज्वलद्धनञ्जयाधरीकृतप्रचण्डपञ्चसायके । धराधरेन्द्रनन्दिनीकुचाग्रचित्रपत्रकप्रकल्पनैकशिल्पिनि त्रिलोचने मतिर्मम ॥ ७ ॥ नवीनमेघमण्डली निरुद्धदुर्धरस्फुरत्कुहूनिशीथिनीतमः प्रबन्ध-

(शेषांक कवर पृष्ठ ३ पर देखें)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नित्यकर्म-विधि

तथा

देवपूजा-पद्धति

प्रकाशक

राजकुमार सुरेका

ठाकुरदास सुरेका चैरिटी फंड

सलकिया, हवड़ा 3/50

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

आदि संग्रहीता : स्व० पं० मायाप्रसादजी शास्त्री
प्रथम से त्रयोदश संस्करण तक : ३,००,००० प्रतियाँ
वर्तमान पंचदशम् संस्करण : १५,००० प्रतियाँ

विक्रम सम्वत् २०३६

मुद्रक :
दी इउरेका प्रिंटिंग वर्क्स प्रा० लि०
गोदौलिया, वाराणसी-२२१००१

प्राप्ति-स्थान
ठाकुरदास सुरेका चैरिटी फंड

प्रधान कार्यालय
सेठ हरदयाल सुरेका लेन
सलकिया (हवड़ा)
दूरभाष : ६६४४८०

शाखा कार्यालय
दुर्गाकुण्ड
वाराणसी-५
दूरभाष : ५६७२०, ५४४८०

विशेष : डाक द्वारा पुस्तक केवल वाराणसी कार्यालय से ही सुलभ हो सकती है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सम्पादकीय

कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः ।
लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हसि ॥

—भगवान् श्रीकृष्ण

मानव चरमोत्कर्ष प्राप्तिके लिए सदा-सर्वदा प्रयत्नशील रहा है । उत्तमोत्तम कर्मसे ही प्राणी मनुष्यसे देवता एवम् अधमातिअधम कर्मोंसे दानवरूप धारण करता चला आ रहा है । विश्वसभ्यतामें भारत कर्मप्रतापसे ही सदा अग्रणी रहा है । लीलापुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णने भी कर्मको ही सर्वोपरि सिद्ध करते हुऐ अर्जुनको महाभारतके लिए उद्यत किया था । इतना ही नहीं, परमवीतराग अमलात्मा परमहंस विदेहराज जनकादि भी आसक्तिरहित कर्मद्वारा ही परम सिद्धिको प्राप्त हुए थे ।

सलकिया (हवड़ा) का सुरेकापरिवार सेठ श्रीविष्णुदयाल सुरेकाके समयसे आजतक सत्कर्ममें सदा तत्पर रहा है । इसी वंशमें उत्पन्न परमभागवत सत्कर्मनिष्ठ सेठ श्रीठाकुरदास सुरेकाने अनुभव किया कि कलिजनित क्लेशोंके निवारणार्थ एक उचित शास्त्रविधियुक्त कर्म निर्देशिकाका निर्माण होना चाहिए, जिससे कि अल्पज्ञ भी समुचित लाभ उठा सकें । ऐसी स्थितिमें उन्होंने अपने पूज्य गुरुवर्य परमवीतराग महात्मा आचार्य मायाप्रसादजी महाराज (जामनगर-सौराष्ट्र) से आग्रह किया कि वे एक ऐसा लघुग्रंथ तैयार करनेकी कृपा करें जिसके अनुसार कर्म करके मानव मात्र ऐहलौकिक एवम् पारलौकिक कल्याणको प्राप्तकर सके ।

महाराजश्रीके निर्देश एवम् भारतके गण्यमान्य विद्वानोंके सहयोगसे, श्रुति-स्मृति-पुराण-गृहसूत्रोंका सारसर्वस्व यह लघु संग्रह सर्वसाधारणके लाभार्थ प्रकाशित होने लगा तथा आजतक लाखों-लाखों आस्तिक सज्जनोंने इससे लाभ उठाया है ।

पूज्यप्रपितामह सेठ श्रीठाकुरदास सुरेका एवम् पिता श्रीरतनलाल सुरेका के स्वर्गवासके पश्चात् वर्तमान प्रकाशक सेठ श्रीराजकुमार सुरेका भी उक्त कार्य में तनमनधनसे तत्पर हैं । अबतक इस पुस्तकके संस्करणों की लगभग तीन लाख प्रतियाँ प्रकाशित हो धर्मार्थ वितरित हो चुकी हैं ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रभुकृपासे अब पंचदश संस्करण आपके हाथोंमें है। दुरूह स्थलोंको लोकोपयोगी एवम् सरल बनाने का पूर्ण प्रयास किया गया है। इतना ही नहीं, आप श्रद्धालु जनोंसे प्राप्त स्तुत्याग्रहसे प्रेरित हो यथासंभव स्थलोंमें परिवर्तन तथा वृद्धि भी की गयी है।

भारतीय धर्म एवम् संस्कृति के आधारस्तम्भ, यतिचक्रचूड़ामणि, अनन्तश्रीविभूषित, पूज्य गुरुवर्य ब्रह्मस्वरूप स्वामी श्री करपात्रीजी महाराजने कृपाकर जो भूमिका-रूपमें आशीर्वाद प्रदान किया था, उससे इस महान संग्रहके गौरवकी वृद्धि हुई है। इसके लिए हम उनकी अहैतुकी कृपाके लिए सदा आभारी हैं।

मानव शिक्षण संस्थान, वाराणसीके संस्थापक, पंडितराज आचार्य लाल बिहारीजी शास्त्रीने अपने अमूल्य एवम् व्यस्त समयमें भी वर्तमान पन्द्रहवें संस्करणकी सफलताके लिए अनेक स्थलोंपर शास्त्रीय सुझाव दिये हैं, उनके लिए हम सदा आभारी हैं।

सनातन धर्मके सजग प्रहरी एवम् पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराजके प्रधान शिष्य श्री सदानन्दजी सरस्वती "वेदान्त स्वामी" के भी हम ऋणी हैं जिन्होंने अनेकों स्थानोंपर शास्त्रीय सुझाव प्रदानकर हमें मार्गनिर्देष किया।

सर्वाधिक साधुवादके पात्र सेठ श्री राजकुमार सुरेका हैं जिन्होंने इस धर्मकार्यमें उदारतापूर्वक सहयोग प्रदान कर आस्तिकोंको लाभान्वित किया। अन्तमें, कृपालु पाठकोंसे विनम्र निवेदन है कि मानवीय उन्मादके फलस्वरूप जो भी त्रुटियाँ रह गयी हों, उन्हें सुधारकर हमें सूचित करने की कृपा करें, जिससे आगामीं संस्करणको और भी उत्तमरूपमें प्रकाशित किया जा सके।

इत्यलम्

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्॥

बटुकप्रसाद शर्मा शास्त्री
पुस्तकालयाध्यक्ष (मानस पुस्तकालय)
श्री सत्यनारायण तुलसी मानस मंदिर,
वाराणसी।

वैक्रमाब्द २०३९

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

॥ श्रीहरिः ॥

ब्रह्मस्वरूप

परमपूज्य स्वामी श्रीकरपात्रीजी महाराजकी

शुभाशंसा

'स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः।'

वर्णाश्रमानुसारी वैदिक सनातन धर्मशास्त्र-सम्मत स्वधर्मानुष्ठान ही सर्वेश्वर सर्वशक्तिमान् भगवान्की महती सपर्या है। इन्हीं श्रौत-स्मार्त-कर्मोंका समावेश अष्टचत्वारिंशत् संस्कारोंमें भी होता है। सस्कार मलापनयन और गुणाधान द्वारा वस्तुको चमत्कृत करते हैं। जैसे हीरक आदि रत्न निघर्षणादि संस्कारों द्वारामलापनयन पूर्वक संस्कृत होकर चमत्कृत होते हैं, वैसे ही जन्मना ब्राह्मणादि चातुर्वर्ण्य संस्कांरों से ही प्रदीप्त (तेजस्वी) होते हैं।

गर्भाधानादि सस्कारोंसेका भी मलापनयन अतिशयाधानादि द्वारा आत्मशुद्धि विधान में ही तात्पर्य है—

'गार्भैर्होमैर्जातकर्म चौड़ मौञ्जी निबन्धनैः।
बैजिकं गार्भिकं चैनो द्विजानामपमृज्यते ॥२७॥
स्वाध्यायेन व्रतैर्होमैः त्रैविधेनेज्यया सुतैः।
महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः ॥२८॥

(मनुस्मृति)–२

अर्थात् गर्भाधानादि संस्कारोंके द्वारा बीजादि निहित पैतृक दोष और गर्भवासादि प्राप्त अशुचिप्राय मातृक दोष दूर होते हैं तथा स्वाध्याय-व्रतादि द्वारा शरीरावच्छिन्न आत्मामें ब्रह्म-प्राप्तिकी योग्यता आती है। यह भगवान् मनुका कहना है।

भगवदाराधन बुद्धि से अनुष्ठित नित्य नैमित्तिक कर्मों द्वारा अन्तःकरणादि कार्यकरण सङ्घातकी शुद्धि होती है। तथा अन्तःकरणशुद्धि से ही (१) नित्यानित्य वस्तु विवेक, (२) इहामुत्रार्थफलभोगविराग, (३) शमदमादि

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma, Najafgarh, Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

षट् साधन सम्पत्ति और (४) मुमुक्षुत्व—यह साधन चतुष्टय प्राप्त होता है। तभी प्राणी भगवत्तत्त्व विज्ञान एवं भगवद्भक्तिमें परिनिष्ठित होकर कृतार्थ होता है।

नित्य नैमित्तिक कर्मोंके अनुष्ठान बिना भक्ति अथवा तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति नहीं होती; अतः जीवनकी सफलताके लिए नित्य नैमित्तिक कर्मोंका अनुष्ठान अनिवार्य है।

'सन्ध्या हीनोऽशुचिर्नित्यमनर्हः सर्वकर्मसु।'

अर्थात् सन्ध्यादि नित्यकर्मोंके अनुष्ठान बिना द्विज सर्वथा अशुचि (अपवित्र) एवं सभी कर्मोंके अयोग्य रहता है।

जन्मना वर्णव्यवस्था होनेपर भी उसमें सत्कर्मोंसे उत्कर्ष एवं दुष्कर्मोंसे अपकर्ष होता है। इसलिए आचार्य सर्वप्रथम द्विजका उपनयन (यज्ञोपवीत) करके उसे शौचाचारकी शिक्षा देकर अग्रिम सर्व कर्मों एवम् पुरुषार्थोंके योग्य बनाता है।

यद्यपि धर्मशास्त्रोंमें साङ्गोपाङ्ग सभी विधानोंका वर्णन है ही, तथापि अधिकारी जनोंकी सुविधा के लिए ऐसी नित्यकर्म पद्धति का सङ्कलन आवश्यक था जिससे कि अधिकारी लोग अधिकाधिक लाभ उठा सकें।

श्री रतनलालजी सुरेका द्वारा प्रकाशित 'नित्यकर्म विधि तथा देवपूजा पद्धति' से यह कार्य अच्छे ढङ्गसे सम्पन्न हो सकता है। इसमें प्रातःस्मरण, शौच, दन्तधावन, स्नान, सन्ध्या, तर्पण, वलिवैश्वदेव एवम् विविध देवोंकी पूजाका सरल तथा प्रामाणिक वर्णन है, और उसके साथ ही संक्षेपमें अनेक ज्ञातव्य बातें लिखी गयी हैं। इस एक पुस्तकके द्वारा संक्षेपमें सनातन धर्मकी आवश्यक ज्ञातव्य वस्तुओंका अनुष्ठानोपयोगी ज्ञान हो सकता है।

करपात्र स्वामी

श्रीगंगादशहरा
२०३७

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

प्रकाशक वंश-परिचय

'ठाकुरदास सुरेका चैरिटी फंड', उसके संस्थापक स्व० सेठ ठाकुरदास सुरेका, सेठ रतनलाल सुरेका एवं उनकी वंश-परम्पराके विषयमें निरंतर जिज्ञासायुक्त पत्र आते रहते हैं। पृथक्-पृथक् व्यक्तिगत रूपसे उन सभीका उत्तर देना संभव नहीं हो पाता। अतः समष्टिरूपसे तत्संबंधी संक्षिप्त परिचय 'नित्यकर्म विधि तथा देवपूजा-पद्धति के इस पंचदश संस्करणमें प्रकाशित किया जा रहा है।

सेठ ठाकुरदास सुरेकाके पितामह सेठ विष्णुदयाल सुरेकाका जन्म राजस्थान स्थित रामगढ़के एक सम्मान्य अग्रवाल वैश्य परिवारमें हुआ था। उस समय राजस्थानमें शिक्षाका विशेष प्रचार न होने पर व्यापारिक शिक्षामात्र प्राप्त कर सके। किशोरावस्थामें ही व्यापारके लिए घरसे निकल पड़े और मथुरामें अपना कारबार फैलाया, जिसमें उन्हें पर्याप्त सफलता मिली इससे प्रोत्साहित होकर वे मथुरा छोड़कर वाणिज्यके प्रमुख केन्द्र कलकत्ता नगरमें आ बसे। यहाँ पहुंचनेपर उनके सुपुत्र सेठ हरदयाल सुरेकाने व्यापार का सम्पूर्ण भार अपने ऊपर ओढ़ लिया। अपनी योग्यता एवं कार्यक्षमताके बल पर उन्होंने व्यापारको बहुत बढ़ाया और भारतके प्रमुख बड़े नागरोंमें अनेक शाखाएँ स्थापित कीं। उनका प्रधान व्यापार किरासन तेलका था और उस समय उसपर उनका एकाधिपत्य था। सेठ विष्णुदयाल सुरेकाने दो बार सम्पूर्ण तीर्थोंकी पद-यात्रा पूर्ण की और अपने सुयोग्य पुत्र सेठ हरदयाल सुरेका द्वारा वाणिज्य तथा गृहस्थी दोनोंका कार्यभार सुचारु-रूपसे संभाल लेनेपर निश्चित होकर काशीमें रहने लगे। यहाँ उन्होंने मणिकर्णिकाके समीप ब्रह्मनाल मुहल्लेमें 'श्रीविष्णुदयालेश्वर' नामसे शिव-मंदिर प्रतिष्ठित किया और भगवान् शंकरकी आराधना करते हुए शिवलोकवासी हुए। उनके दिवंगत होनेपर सेठ हरदयाल सुरेकाने सलकिया, हवड़ामें श्रीसत्यनारायण-मंदिर एवं धर्मशालाका निर्माण तथा उनके संचालन हेतु 'श्रीसत्यनारायण ट्रस्ट' की स्थापना कर महान् यश अर्जित किया। अन्यान्य स्थानोंपर भी बहुतेरे धर्म-कार्य कर वे स्वर्गवासी हुए। उनके बाद मंदिर तथा न्यासकी सुव्यवस्था उनके सातों पुत्रों क्रमशः सेठ दुर्गाप्रसाद सुरेका, सेठ मथुराप्रसाद सुरेका, सेठ रामप्रसाद सुरेका

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Nalagarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सेठ मुरलीधर सुरेका, सेठ नन्दराम सुरेका, सेठ लक्ष्मीनारायण सुरेका और सेठ ठाकुरदास सुरेकाकी देख-रेखमें सुचारु रूपसे चलती रही। सम्प्रति इन्हीं सातों भाइयोंके पौत्र-प्रपौत्र उनका सफल संचालन कर रहे हैं। यों तो श्रीसत्यनारायण-मंदिरमेंके वर्षभरके सभी उत्सवादिका आयोजन शास्त्रोक्त विधि-विधानपूर्वक होता ही रहता है, किंतु श्रावण मासमें झूलनोत्सव विशेष समारोहपूर्वक संपन्न होता है, जिसके वैशिष्ट्य एवं अपूर्वतासे स्थानीय जन भलीभाँति परिचित हैं। इसी न्यासके द्वारा यात्रियोंके निवासकी सुख-सुविधाके हेतु मथुरा, वाराणसी, रानीगंज, फतेहपुर, रामगढ़, लोहानी आदि स्थानोंमें धर्मशालाओंका निर्माण कराया गया है।

स्व० सेठ ठाकुरदास सुरेका—सेठ हरदयाल सुरेकाके आत्मज सेठ ठाकुर-दासका जन्म हवड़ा जिलांतर्गत, बांदाघाट, सलकियामें संवत् १९३३ वै० में हुआ। कनिष्ठ पुत्र होनेके कारण वे विशेष लाड़-प्यारमें पले। इनका विवाह किशोरावस्थामें ही हो गया था। सौभाग्यसे इनको ऐसी सुशील एवं विदुषी धर्मपत्नी मिलीं, जिनके सुविचार, सुव्यवस्था तथा सत्परामर्शके कारण इन्हें अपने जीवनमें बहुत बड़ा सहारा मिला।

यौवनावस्थामें प्रवेश करते ही इन्हें पितृ-वियोग सहन करना पड़ा। सेठ ठाकुरदासको जो भी पैतृक सपत्ति प्राप्त हुई, वह स्वल्प समयमें ही सट्टा बाजार-मे सलट गई। ऐसे विषम समयमें इनकी धर्मपत्नीने सारा गृह-कार्य स्वय संभाला। प्रतिदिन प्रातःकाल आगत भिक्षुकोंको अपने हाथों से भिक्षा अर्पित करना तथा अतिथियोंको स्वयं भोजन बनाकर जिमाना उनकी दैनिक परिचय थी। यौवनकालसे प्रौढ़ावस्था तक अपने आत्मज सेठ गोविंदरामके साथ सेठजीने अनेक बार व्यापारमें परिवर्तन किया, फिर भी सफलताने साथ नहीं दिया। संवत् १९७७ की विजयादशमीके शुभ मुहूर्त में ढलाई कारखानेकी स्थापनाके दिनसे इनकी सफलताका श्रीगणेश होता है। उक्त कारखानेकी उन्नतिके लिए सेठ गोविंदरामने अपना तन निछावर कर दिया। कारखानेकी उत्तरोत्तर उन्नति के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य क्रमशः गिरता गया। व्यापारमें अत्यधिक व्यस्त रहते हुए भी सेठ गोविंदराम सुरेकाने दान, धर्म और देवार्चन-की कभी अवहेलना नही की। वे परम भावुक, भक्त और धार्मिक मनोवृत्तिके व्यक्ति थे। रोगग्रस्त होनेपर वे प्रायः काशीमें ही रहने लगे, जहा ३५ वर्षकी अल्पायुमें ही उनका देहावसान हो गया।

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

पिता पितामहश्चैव प्रपितामह एव च ।

प्रकाशक के पूज्य वृद्धप्रपितामह
स्वर्गीय सेठ श्रीहरदयालजी सुरेका

प्रकाशक के पूज्य प्रपितामह
स्वर्गीय सेठ श्रीठाकुरदासजी सुरेका



प्रधान पितरः प्रोक्ता श्राद्धतर्पणकर्मणः ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection
Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

पिता स्वर्गः पिता धर्मः पिता हि परमं तपः।

प्रकाशक के पूज्य पितामह

स्वर्गीय सेठ श्रीगोविन्दरामजी सुरेका



प्रकाशक के पूज्यपिता

स्वर्गीय सेठ श्रीरतनलालजी सुरेका

पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्व-देवताः ॥

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri
CC0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सेठ ठाकुरदास सुरेका, ज्ञानी होने के कारण पुत्र-शोकके भीषण वज्रपातको ईश्वरेच्छा समझकर सहन कर गए। उनकी विधवा पुत्र-वधू भागीरथी देवीने पति-वियोगके पश्चात् अपना शेष जीवन देवार्चन करते हुए काशीमें ही व्यतीत किया। सेठ ठाकुरदास सुरेका, पौत्र सेठ रतनलाल सुरेकापर अपना ध्यान केन्द्रित-कर व्यापारमें प्रवृत्त हुए और इन्हें बराबर सफलता मिलती गई। इस सफलता का सदुपयोग उन्होंने सर्वप्रथम 'ठाकुरदास सुरेका चैरिटि फंड' की स्थापना कर किया। इस न्यासके माध्यमसे उन्होंने लोकहितकारी अगणित कार्य किए, जिनमें वाराणसीके मणिकर्णिका घाटके समीप ब्रह्मनाल मुहल्लेकी तथा बिलासपुर, अमरकटककी धर्मशालाएँ, जयपुरके वनस्थली विद्यापीठके अन्तर्गत निर्मित गृह-शिक्षा-भवन, सलकिया हवड़ा के नंदीबगान मुहल्लेमें स्थित 'ठाकुरदास सुरेका फ्री प्राइमरी स्कूल', बेलूरके दीन-दुखी लाल बाबा आश्रममें स्थित यज्ञशाला और छात्रावास, सलकियाकी श्मशानभूमिका विश्रामगृह तथा सलकियाके बाँदाघाटका प्याऊ विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। वाराणसीके हरिहरक्षेत्रमें आज भी पूर्ववत् चल रहा अन्नक्षेत्र, रामगढ़ (राजस्थान) में वैवाहिक कार्योंकी विधिवत् संपन्नताके हेतु निर्मित नौहरें एवं विभिन्न तीर्थस्थानोंमें जीर्णोद्धार किए गए अनेकानेक देवालय सेठ ठाकुरदास सुरेकाकी महती उदारताके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। उनके द्वारा स्थापित न्याससे ही प्रस्तुत पुस्तकका प्रकाशन एवं निःशुल्क धर्मार्थ वितरण अनेक वर्षोंसे निरंतर हो रहा है।

महाप्रस्थानका समय निकट देख सेठ ठाकुरदास सुरेकाने गायत्री-पुरचरण महायज्ञ आयोजित किया, जिसमें दूर-दूरसे उक्त विषयके विशेषज्ञ शास्त्रविद आमंत्रित होकर पधारे थे। स्वरुचिका कार्य होनेसे इस महायज्ञमें उन्होंने मुक्त-हस्तसे अर्जित धनराशिका सदुपयोग किया। संवत् २००५ वै० की मार्गशीर्ष ४ को अर्धरात्रिके समय चिकित्सकोंने सेठजीके शरीरको जीवात्मारहित घोषित कर दिया। अतः भूमि-शय्याके निमित्त उनका शरीर भवनके प्रांगणमें उतारा गया। उस समय उपस्थित सभी व्यक्तियोंने साश्चर्य उन्हें अपने पौत्र सेठ रतनलाल सुरेकाको सम्बोधित कर यह कहतेहुए सुना कि 'तुमने बड़ी शीघ्रता की। इष्टदेव (भगवान् श्रीसत्यनारायणजी) के दर्शन किए बिना मैं कैसे जा सकता हूँ? उनके पट तो ५ बजे खुलेंगे।' सचमुच ही भगवान्‌के पट खुलते ही उनका अनन्य सेवक अन्योंको स्वकर्मका सत्य-मार्ग प्रदर्शित करता हुआ अनन्तमें विलीन हो गया।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्वर्गीया श्रीमती भागीरथी देवी सुरेका— सेठ गोविंदराम सुरेकाकी धर्मपत्नी श्रीमती भागीरथी देवी धर्मनिष्ठ महिला थीं। उनका समय अहर्निश पूजार्चनमें ही व्यतीत होता था। उन्होंने ब्रह्मनाल, वाराणसी स्थित भागीरथीश्वरके मन्दिरका जीर्णोद्धार तथा दीन-दुखी लाल बाबाके बेलर स्थित आश्रममें रामायण-भवनका निर्माण कराया। इनके अतिरिक्त अनेक स्थानोंपर धर्मशालाएँ तथा कुंए भी बनवाए। काशीधाममें एक ऐसे अद्वितीय मंदिरके निर्माणकी उनकी प्रबल आकांक्षा थी, जो इस देवालयपुरीके दर्शनीय स्थानोंमें परिगणित हो। अनेक बार प्रयत्न करनेपर भी अपने जीवनकाल में मनःकामनाकी पूर्ति होते न देख उन्होंने सेठ रतनलाल सुरेका को उसके लिए वचनबद्ध किया, क्योंकि वे पूर्ण रूप से आश्वस्त थीं कि उनका पुत्र बातका धनी है, जो प्राणों की परवाह न कर अपने प्रणका पालन करता है। पुत्रके प्रतिज्ञाबद्ध होने पर उनने मनको बड़ी शांति मिली और वे निश्चित होकर सम्वत् २०१० वै० कार्तिक कृष्ण ३० को सदैवके लिए शांत हो गयीं।

पूजनीया माता श्री भागीरथी देवी सुरेकाके स्वर्गारोहणके पश्चात् सेठ रतनलाल सुरेकाने उनकी पावन स्मृतिमें श्री सत्यनारायण तुलसी मानस मंदिर को प्रतिष्ठितकर उनकी मनःकामनाको साकार रूप प्रदान किया। यह देवालय वाराणसी के सुप्रसिद्ध मंदिरद्वय श्री दुर्गाजी तथा श्रीसंकट-मोचन-हनुमान जी के मध्यमें स्थित है, और आधुनिक युग की एक दर्शनीय अनुपम कलाकृति है। इसके निर्माणमें सेठजी ने अपने तन-मन-धन तीनोंका समन्वय कर भावतो एक अमूल्य निधि भेट की है इसमें देव-विग्रहोंके तीन मंदिर हैं, जो एक दूसरे से संयुक्त हैं। मध्यके मंदिरमें परम रामभक्त श्रीहनुमान् सेवित श्रीराम-लक्ष्मण-जानकी, उनके दक्षिणके मन्दिरमें माता अन्नपूर्णाके समक्ष खप्पर फैलाए भगवान् भोलेनाथ तथा बाएँ मन्दिरमें भगवान् नारायण श्रीलक्ष्मीसहित विराजमाम हैं। 'रामतें अधिक रामकर दासा' के अनुसार सेठजीने इस मंदिरमें रामभक्त गोस्वामी तुलसीदासकी प्रतिमा भी श्रद्धापूर्वक प्रतिष्ठित की है जिसके समक्ष अहर्निश उनकी अद्वितीय विश्वविश्रुत कृति श्रीरामचरितमानसका अखंड पाठ निममितरूपसे होता है। साथ ही, संपूर्ण श्रीरामचरितमानसको मंदिरकी संगमरमर की भित्तिमों पर उत्कीर्ण कराकर सेठजीने उस अमूल्य राष्ट्र-निधिकी स्थायी सुरक्षा की है। मंदिरके चतुर्दिक् निकुंज वाटिकाएँ, सर और सागरके

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

साथ-साथ मंदिर, ऋषि-कुटीर आदिसे सुशोभित हिमालयकी धवल चोटीपर विराजमान भगवान् सदाशिवकी जटासे निरंतर प्रवाहमान जटाशंकरीकी कल-कल ध्वनि मनको बरबस मोह लेती है और दक्षिणके रामेश्वर-मंदिरमें भक्तों द्वारा उच्चरित स्तोत्र-पाठ एवं वैदिक विद्वानों द्वारा सस्वर वेद-गान दर्शकोंको त्रेतायुग का स्मरण दिलाता है।

स्व० सेठ रतनलाल सुरेका—ये वह व्यक्ति थे, जिनकी धवल कीर्तिसे सुरेका वंशाकाश चिरंतन काल तक आलोकित होता रहेगा। इनका नाम स्वयं ही इनके परिचयके लिए पर्याप्त है। 'रतनलाल सुरेका' नाम लेनेमात्रसे सुरेका-वंशके वर्तमान ही नहीं, गत और आगत पीढ़ियोंके महानुभावोंका भी परिचय सहज ही मिल जायेगा। अपने पितामह स्वर्गीय सेठ ठाकुरदास सुरेकाके जीवनकालमें ही इन्होंने वाणिज्यके साथ-साथ उनके समस्त धार्मिक कार्योंका महत् भार भी सँभाल लिया था। उनके विशिष्ट गुण दया-धर्म एवं श्रद्धा-विश्वासकी प्रतिच्छाया पूर्णरूपसे इनपर पड़ी थी। वे उनके सद् उद्देश्योंको अग्रसर करनेमें सदा तत्पर रहते थे।

प्रातःस्मरणीय संत गोस्वामी तुलसीदासजीपर अटूट श्रद्धा होनेके कारण इन्होंने उन्हींके सुनाम और सदुपदेशोंके प्रचार-प्रसारके लिए अपना तन-मन-धन सब कुछ न्यौछावर कर दिया था। श्री सत्यनारायण तुलसी मानस मंदिर श्री सत्यनारायण तुलसी मानस सेवा संस्थान, तुलसी मानस ग्रंथ विद्यालय, तुलसी शोध संस्थान, मानस पुस्तकालय एवं वाचनालय, 'मानस-मयूख' शोध पत्रिका, मोहन मानस पुरस्कार आदि इस तथ्यकी वास्तविकताके प्रत्यक्ष प्रमाण थे। धर्म या संप्रदाय, जाति या वर्ण उच्च या नीच, किसी भी प्रकारकी भेद-बुद्धिसे सर्वथा निर्लिप्त होकर, यहाँ तक कि पात्र-अपात्रका विचार भी किये बिना, इनके दानकी अक्षुण्ण धारा निरंतर प्रवाहमान है। धोखेमें कहीं सुपात्रको भी वंचित न रह जाना पड़े और 'ना जाने किस भेषमें नारायण मिल जायँ'—ये तथ्य बराबर इनकी दृष्टिमें रहते थे।

ये अति विनम्र स्वभावके संकोची व्यक्ति थे। धोखेमें ही सही यदि किसीकी बाँह पकड़ ली हो, स्वयं तो उसे निभाते ही थे, दूसरोंसे भी उसकी संस्तुति कर देते थे। अहंका रंचमात्र भी इनमें लवलेश नहीं थे। आत्म-प्रशंसा सुननेके ये एकदम अभ्यस्त नहीं थे।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अपने पितामह द्वारा स्थापित 'ठाकुरदास सुरेका चैरिटी फंड' के माध्यमसे इन्होंने बहुतसी लोकोपयोगी सेवाएँ की थी, जिनमें 'मोहनलाल सुरेका हॉस्पिटल', रामगढ़ (राजस्थान); 'ठाकुरदास सुरेका बाल-उद्यान' तथा 'मोहनल.ल सुरेका कर्मशियल एवं टेकनिकल स्कूल', सलकिया, हवड़ा; विशुद्धानंद सरस्वती दातव्य औषधालय, कलकत्ताका आपरेशन-रूम; ब्रज-सेवा-समिति टी०बी० सैनेटोरियमके भवन-निर्माणमें योगदान, बृन्दावनके परिक्रमा-मार्गमें पुल आदिके निर्माणमें योगदान उल्लेखनीय है। ये तो प्रत्यक्ष दानके संक्षिप्त विवरण थे, गुप्त दान तो इससे कहीं अधिक हैं, जिनका लेखा-जोखा स्वयं उनके पास नहीं थे।

'नित्यकर्म विधि तथा देवपूजा पद्धति'के प्रकाशनमें इनकी विशेष अभिरुचि थे, जिसके परिणामस्वरूप उसके प्रस्तुत संस्करणमें पर्याप्त संशोधन-परिवर्तन एवं परिवर्द्धन संभव हो सका। पूर्वकी अपेक्षा उसकी उपयोगितामें महती अभिवृद्धि हुई है। वे बराबर कहते रहते थे कि "ऋषि-प्रोक्त धर्म एवं उनके द्वार। निर्दिष्ट मार्गका अवलम्बन करनेसे ही हमारा और सभीका कल्याण होना संभव है तथा इस पुस्तकके अनुसार नित्य नियमित रूपसे कर्म करता हुआ प्राणी एकदिन अवश्य अपने ठीक लक्ष्य पर पहुँच जायगा और उसका लोक-परलोक दोनों सुधर जायगा। यदि इससे कुछ लोग भी प्रेरणा प्राप्त कर लाभान्वित हुए, तो इसका प्रकाशन सार्थक होगा"।

गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी सेठ रतनलाल सुरेकाकी प्रवृत्ति विरक्त जैसी है। दुर्दिनकी प्रचंड वर्षा भी आपके धैर्यको विगलित या विचलित नहीं कर पाती। कोई भी परिस्थिति इन्हें धर्म-पथसे विरत करनेमें असमर्थ थे। ऐसे ही उच्चादर्शवाले महान् पुरुषसे समस्त मानवका कल्याण होता है।

विगत वर्षों से वे प्रायः काशी निवास करते हुए मन्दिर की चतुर्दिक श्री-वृद्धि के लिए अधिक प्रयत्नशील रहे। हैं मानस-प्रदर्शिनी की स्थायित्व प्रदान करने के साथ-साथ उन्होंने ने राम-काव्य के अध्येताओं के लिए "श्रीरामकाव्य संग्रहालय" एवम् मुमुक्षुओं के लिए "श्री शिवराम सखा-बैंक" का गिर्माण कराया जो कि विश्व में अपने ढंग का अद्वितीय प्रयास है। भारतीय संस्कृति के अमर गायक गो० तुशसीदासजी के जीवन से सर्व साधारण को परिचित कराने की दृष्टि से "तुलसी दृश्यावली" का भी निर्माण आरम्भ करवाया।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और कार्तिक कृष्ण षष्ठी २०३९ शनिवार इस महासन्त के महाप्रयाण का दिन बनकर उपस्थित हुआ। मध्याह्न में नाम मात्र का प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात् विश्राम-कक्षमें पद्मासन लगाकर बैठ गये। अर्धाङ्गिनी ने विनोद में पूछा क्या बात है आज संन्यासी बनने की इच्छा है? (क्यों कि उन्होंने जीवन में कभी भी श्रीरतनलाल सुरेका को पद्मासनस्थ नहीं देखा था) उत्तर में मात्र एक मधुर मुस्कान थी। लगभग ३ घंटे वे ध्यानस्थ बैठे थे। मैंने कहा "सेठजी! सत्यदेव भगवान का स्मरण किया जाय" उत्तर था" उन्हीं का तो स्मरण कर रहा हूँ आज तक उनसे भिन्न तो मैंने किसी को ध्याया ही नहीं" और लगभग ३ घंटे एक आसन बैठे-बैठे वह ध्यानमग्न दिव्यात्मा परमात्मा में लीन हो काशी में शिवसायुज्यत्व को प्राप्त कर गयी। इनका आदर्श वाक्य था:—

सीय राम मय सब जग जानी। करौं प्रनाम जोरि जुग पानी॥

स्व० श्रीमोहनलाल सुरेका—प्रकाशक के ज्येष्ठ भ्राता श्रीमोहनलालजी सुरेका भी अपने पितामह श्री गोविन्दराम सुरेका की भाँति ही पूर्व जन्म के शेष ऋृणानुबन्ध से मुक्त होने के लिए पृथ्वी पर आये थे। १६-१७ वर्ष की आयु में वाणिज्य में स्नातक हो अपने पिता श्रीरतनलाल सुरेका के व्यापार में पूर्ण सहयोग प्रदान करने लग गये थे। मात्र दो बर्ष के प्रयत्न से पिता श्री को कोट्याधीश बनाकर १६ वर्ष की अवस्था में गीता की उक्ति (सुचीनां श्रीमतां गेहे योग भ्रष्टोऽभिजायते) को चरितार्थ करते हुए, इस असार संसार को त्याग अनन्त पथ में लीन हो गये।

श्रीराजकुमार सुरेका—वस्तुतः श्रीराजकुमार सुरेका श्री रतनलाल सुरेका की प्रति मूर्ति हैं। वही पिता का सा सरल स्वभाव अभिमान रहित आचरण तथा निष्काम कर्म-भावना। आपने अपने पिताश्री के सभी कार्यों मे विगत १६ वर्षों से पूर्ण सहयोग देना प्रारम्भ कर दिया था इनके कार्य-कलापों से सन्तुष्ट हो श्रीरतनलाल जी सुरेका, सम्पूर्ण व्यापार-भार इन पर सौंप, वाराणसी में ही विशेष समय व्यतीत करने लग गये थे। यद्यपि श्रीराजकुमार सुरेका धीर एवम् प्रत्युत्पन्न प्रतिभा सम्पन्न सफल व्यक्तित्ववान पुरुष हैं तथापि पिताश्री के अभाव में पूजनीया माता के निर्देश में पिताजी द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर चलने का व्रता लेकर कार्य-क्षेत्र में सलग्न हैं। प्रभु इन्हें सहयोग प्रदान करें यही मंगल कामना है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

बटुकप्रसाद शर्मा शास्त्री

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मदनदहनके पुत्रको सुमरू बारंबार ।
विघ्न मिटै संकट कटै मङ्गल होय अपार ॥ ८ ॥

लम्बोदर भुज चार हैं, नेत्र तीन रंग लाल ।
नाना वर्ण सुवेश हैं, मुख प्रसन्न शशिभाल ॥ ९ ॥

विघ्ननिवारण सब सुख कारण भक्त उधारण ज्ञानधनम् ।
दैत्यविदारण परशूधारण ऋद्धिकारण देववरम् ॥१० ॥

गिरिजा माता षणमुखभ्राता शङ्कर तात सौख्यकरम् ।
भूसुररक्षक मोदकभक्षक ज्ञानीलक्षक कीर्तिकरम् ॥ ११ ॥

काटत बंधन सब दुखखण्डन गिरजानन्दन पाशधरम् ।
दुःखविदारण मङ्गलकारण कविवर धारण शीशवरम् ॥ १२ ॥

शुण्डादण्डं तेजप्रचण्डं इन्दुखण्डं भालधरम् ।
मङ्गलकारण दुर्जनमारण विपतिविदारण ऋद्धिकरम् ॥ १३ ॥

करिवदनविमण्डित ओज अखण्डित पूरणपंडित ज्ञानपरम् ।
गिरिनन्दिनिनन्दन असुरनिकन्दन सूरउर चन्दन कीर्तिकरम् ॥१४॥

भूषण मृगलक्षण वीरविचक्षण जनप्रणरक्षण पाशधरम् ।
जय जय गणनायक खलगणघालक दास-सहायक विघ्नहरम् ॥१५॥

मनाऊँ एकदंत महाराज, सुधारो सभी हमारो काज ।
रूप थारो कनकवरण राजै देख कर महाकाल भाजै ॥ १६ ॥

मूरति अतिसुन्दर साजै, दुःख सब दर्शन से भाजै ।
विनती सुणलीजो गणराज सुधारो सभी हमारो लाज ॥ १७ ॥

विघ्नहरण गणनाथजी, कृपा करो महराज ।
तुम्हारो अब लियो आसरो, रखियो मेरी लाज ॥ १८॥

॥ शुभम् ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

प्रकाशक के ज्येष्ठ भ्राता
स्वर्गीय श्री मोहनलालजी सुरेका



प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः।
शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते।

CC0. In Public Domain. Kritikant Sharma Nahargarh Delhi Collection

प्रकाशक
श्रीराजकुमारजी सुरेका

सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी।
जो पितु मातु बचन अनुरागी।

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

राम बाम दिसि जानकी, लषन दाहिनी ओर।
ध्यान सकल कल्याण जिमि, सुरतरु तुलसी-तोर ॥

श्री सत्यनारायण तुलसी मानस मन्दिर (वाराणसी) में प्रतिष्ठापित
श्रीरामजी, श्रीजानकीजी, श्रीलक्ष्मणजी एवम् श्रीहनुमानजी

CC0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

मङ्गलाचरण

श्रीगणेश इह विश्रुत-नामा । रामनाम-महिमाञ्चितधामा ॥
भक्तचित-वाञ्छितकृतपूर्तिः । मङ्गलायतन-मङ्गलमूर्तिः ॥ १ ॥

स जयति सिन्धुरवदनो देवो यत्पादपङ्कजस्मरणम् ।
वासरमणिरिव तमसां राशीन्नाशयति विघ्नानाम् ॥ २ ॥

खर्व्वं स्थूलतनुं गजेन्द्रवदनं लम्बोदरं सुन्दरम् ।
प्रस्यन्दन्मदगन्धलुब्धमधुपव्यालोलगण्डस्थलम् ।
दन्ताघात-विदारितारिरुधिरैः सिन्दूरशोभाकरम् ।
वन्दे शैलसुतासुतं गणपतिं सिद्धिप्रदं कर्मसु ॥ ३ ॥

विघ्नाध्वान्तनिवारणैकतरणिर्विघ्नाटवीहव्यवाट् ।
विघ्नव्याल-कुलाभिमानगरुडो विघ्नेभपञ्चाननः ।
विघ्नोत्तुङ्गगिरिप्रभेदस-पविर्विघ्नाम्बुदेर्बाडवः ।
विघ्नाघौघघनप्रचण्डपवनो विघ्नेश्वरः पातु नः ॥ ४ ॥

दधानं भृङ्गालीमनिशममबे गण्डयुगले ।
ददानं सर्वार्थान्निजचरणसेवासुकृतिने ।
दयाधारं सारं निखिलनिगमानामनुदिनम् ।
गजास्यं स्मेरास्यं तमिह कलये चित्तनिलये ॥ ५ ॥

मुदा करात्तमोदकं सदा विमुक्तिसाधकम् ।
कलाधरावतंसकं विलासि लोकरक्षकम् ।
अनायकैकनायकं विनाशितेभदैत्यकम् ।
नताशुभाशुनाशकं नमामि तं विनायकम् ॥ ६ ॥

यजामो गणेशं भजामो गणेशं जपामो गणेशं वदामो गणेशम् ।
स्मरामो गणेशं स्मरामो गणेशं नमामो गणेशं नमामो गणेशम् ॥ ७ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्रीसत्यनारायणजी की स्तुति

सत्यदेव भगवानकी सरन सदा सुखखान ।
सकल मनोरथ देत प्रभु जो नर कर गुनगान ॥ १ ॥

दीनबंधु श्रीनाथजी निज जन तारक ईस ।
द्रवहु सदा इस दास पै करुनामय जगदीश ॥ २ ॥

परम पिता परमेस हे मैं पतितन सिरताज ।
वेगि उबारहु जानि निज करहु सकल सुभकाज ॥ ३ ॥

तुम सम हे करुनानिधे करत कौन उपकार ।
अगनित गनिकादिक तरे साखि बेद हैं चार ॥ ४ ॥

दयासिंधु नहिं देखते भक्तनके दुखभार ।
त्रिबिध ताप दुख दूर कर भवसे करते पार ॥ ५ ॥

सत्यदेव भगवानकी कथा जगतमें सार ।
सरन तेहिंकी जो लहै ताहि होत उद्धार ॥ ६ ॥

द्विजवर लकड़ीहार अरु साधु वैश्य परिवार ।
चंद्रकेतु अरु तुंगध्वज पाँच कथा जग सार ॥ ७ ॥

इन भक्तनके काज प्रभु प्रगटे बारंबार ।
सकल मनोरथ सिद्ध करि दिये पदारथ चार ॥ ८ ॥

जन्म जन्म बिनती यही श्रीचरनों में ध्यान ।
सज्जन संगति हरि भजन दान धर्म दृढ़ ज्ञान ॥ ९ ॥

स्तुति प्रभुकी जो प्रेमसे पढ़े कपट तजि नित्त ।
चार पदारथ देत तेहि प्रभु मन चाहा बित्त ॥ १० ॥

बार बार बिनती यही सत्यदेव भगवान ।
पार करो भवसिंधु से सेवक अपना जान ॥ ११ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

श्रीसत्यनारायण तुलसी मानस मन्दिर, वाराणसी में प्रतिष्ठापित—

बाबा श्रीविश्वनाथजी एवम् माता श्रीअन्नपूर्णाजी

भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ ।

याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तस्थमीश्वरं ॥

भगवान श्रीविष्णुजी एवम् भगवती श्रीलक्ष्मीजी

तवनाम जपामि नमामि हरी, भवरोग महागदमान अरी ।

गुनसील कृपा परमायतनं प्रनमामि निरन्तर श्रीरमनं ॥

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्रीगणेशजी

लम्बोदरं परमसुन्दरमेकदन्तं, पीताम्बरं त्रिनयनं परमं पवित्रम ।



उद्यद्दिवाकर-विभोज्वलकान्तिकान्तं, विघ्नेश्वरं सकलविघ्नहरं नमामि ॥

श्रीसत्यनारायण मन्दिर, सलकिया (हवड़ा) में प्रतिष्ठापित
श्रीलक्ष्मीजी, श्रीसत्यनारायणजी एवम् श्रीगङ्गाजी

सत्यनारायणं देवं वन्देऽहं कामदं प्रभुम ।



लीलया विततं विश्वं येन तस्मै नमोनमः ॥

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समर्पण

अनाद्यनन्त ऐश्वर्य-विशिष्ट ! अपरिमित-कोटि ब्रह्माण्डनायक !
वेदैकप्रतिपाद्य ! अगणित आर्तभीष्ट फलप्रद !
दीनबन्धो ! दीननाथ ! भक्तवत्सल ! भगवन् !

श्री श्री सत्यनारायण महाप्रभो !

यह

नित्यकर्म-विधि तथा देवपूजा-पद्धति

रूपी-पुष्प

श्रीचरण-कमलोंमें

सादर समर्पित है ।

"त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये ।"

श्रीचरण-सेवक

राजकुमार सुरेका

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री रुद्राष्टकं

नमामीशमीशाननिर्बाणरुपं, विभुं व्यापकं ब्रह्मवेद्स्वरुपं ।
निजं निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं, चिदाकाशमाकाशवासं भजेहं ।
निराकारमोंकारमूलं तुरीयं, गिराज्ञानगोतीतमीशं गिरीशं ।
करालं महाकालकालं कृपालं, गुणागारसंसारपारं नतोहं ।
तुषाराद्रिसंकाशगौरं गभीरं, मनोभूतकोटिप्रभाश्रीशरीरं ।
स्फुरन्मौलिकल्लोलिनीचारुगंगा, लसभालबालेंदु कंठे भुजंगा ।
चलत्कुंडलं भ्रू सुनेत्रं विशालं, प्रसन्नाननं नीलकंठं दयालं ।
मृगाधीश चर्मम्बरं मुंडमालं, प्रिय शंकरं सर्वनाथं भजामि ।
प्रचंडं प्रकृष्टं प्रगल्भं परेशं, अखंडं अजं भानुकोटि प्रकाशं ।
त्रयः शूलनिर्मूलनं शूलपाणिं, भजेहं भवानीपतीं भावगम्यं ।
कलातीतकल्याण कल्पांतकारी, सदा सज्जनानंददाता पुरारी ।
चिदानंदसंदोहमोहापहारी, प्रसीद प्रसीद प्रभो मन्मथारी ।
न यावद् उमानाथ पादारविंदं, भजंतीह लोके परे वा नराणां ।
न तावत्सुखं शांति संतापनाशं, प्रसीद प्रभो सर्वभूताधिवासं ।
न जानामि योगं जपं नैव पूजां, न तोहं सदा सर्वदा शभुं तुभ्यं ।
जराजन्मदुःखौघतातप्यमानं, प्रभो पाहि आपन्नमामीशशंभो ॥

रुद्राष्टक मिदं प्रोक्तं विप्रेण हरतोषये ।
ये पठंतिनरा भक्त्या तेषां शंभुः प्रसीदति ॥

श्रीगोस्वामीतुलसीदास विरचितं रुद्राष्टकस्तोत्रं संपूर्णम् ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
प्रातः स्मरण	२
शौच-विधि	४
दन्तधावन-विधि	६
दतुअन-प्रार्थना	६
मौन-विधि	६
उवासी, छींक, थूकना	६
क्षौर-विधि	७
तैलाभ्यङ्ग-विधि	७
सङ्कल्प	८
स्नान-विधि	९
तीर्थावाहन	१०
भागीरथी की प्रार्थना	११
स्नानाङ्ग-तर्पण	१२
वस्त्रधारण-विधि	१३
आसन	१३
शिखाबन्धन-मन्त्र	१३
तिलक	१४
चन्दनधारण-मन्त्र	१४
तिलकधारण-विधि	१४
भस्मधारण-विधि	१४
भस्मधारण-मन्त्र	१५
यज्ञोपवीतधारण-विधि	१५
यज्ञोपवीतधारण-मन्त्र	१५
जीर्णयज्ञोपवीत त्याग-मन्त्र	१६
कुशाग्रहण-विधि	१६
कुशाग्रहण-मन्त्र	१६
त्यागयोग्य कुशा	१७
जप-विधि	१७
माला-विधि	१८
माला-प्रार्थना	१८
देवमन्त्र की कर-माला	१९
आचमन-विधि	२०
अर्घ-विधि	२१
सन्ध्या-विधि	२१
प्रातः सन्ध्या	२३
पवित्रकरण-मन्त्र	२४
आसन-पवित्रकरण	२४
आचमन-मन्त्र	२५
प्राणायाम-विधि	२५
पूरक आदि प्राणायाम	२६
प्राणायाम-मन्त्र	२७
आचमन	२७
उपस्थान	२९
षडङ्गन्यास	३१
गायत्री-ध्यान	३१
आवाहन-मन्त्र	३२
उपस्थान-मन्त्र	३२
गायत्रीशाप-विमोचन	३२

CC0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
ब्रह्मशाप-विमोचन	३२	घण्टा-पूजन	६
वशिष्ठ-शापविमोचन	३३	शंखपूजन	६
विश्वामित्र-शापविमोचन	३३	स्वस्तिवाचन	६
गायत्री-हृदय	३४	पुण्याहवाचन	६
जपके पूर्वकी २४ मुद्राएँ	३५	अङ्गन्यास	६
२४ मुद्राएँ करनेकी विधि	३५	गणपति तथा अम्बिका-पूजन	६
गायत्री-मन्त्र	४०	कलश-पूजन	७
शक्ति-मन्त्र जपनेकी करमाला	४१	नवग्रह-पूजन	७
जपके बादकी ८ मुद्राएँ	४१	पञ्चलोकपाल-पूजन	७
८ मुद्राएँ करनेकी विधि	४१	दशदिक्पाल-पूजन	८
गायत्री-कवच	४३	षोडश मातृका-पूजन	८
गायत्री-तर्पण	४४	चतुःषष्टि योगिनी-पूजन	८
प्रदक्षिणा-मन्त्र	४५	रक्षा-विधान	८
क्षमा-प्रार्थना	४५	ब्राह्मण-रक्षाबन्धन-मन्त्र	८
विसर्जन	४५	ब्राह्मणतिलक-मन्त्र	८
मध्याह्न-सन्ध्या	४५	यजमान रक्षाबन्धन-मन्त्र	८
सायं-सन्ध्या	४६	यजमान तिलक-मन्त्र	८
पञ्च महायज्ञ	४७	शालग्राम-पूजन	८
तर्पण-विधि	४८	सत्यनारायणजीकी आरती	८
तर्पण	४८	विष्णु-स्तुति	९
देव-तर्पण	४९	पुष्पाञ्जलि	९
ऋषि-तर्पण	४९	प्रदक्षिणा	९
पितृ-तर्पण	५०	क्षमा-प्रार्थना	९
ब्रह्म-यज्ञ	५६	विसर्जन	९
नित्य होम	५७	चरणामृत ग्रहण-विधि	९
देवपूजा-विधि	५९	तुलसी ग्रहण-मन्त्र	९
वृक्ष से तुलसीग्रहण-मन्त्र	६१	चरणामृत ग्रहण-मन्त्र	९
दीपक-पूजन	६२	पञ्चामृत ग्रहण-मन्त्र	९

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
नैवेद्य ग्रहण-मन्त्र	९५	कनकधारा-स्तोत्रम्	१२३
शिव-पूजन	९५	कृष्णयजुर्वेदीय चाक्षुषोपनिषद्	१२५
नन्दीश्वर-पूजन	९६	श्रीगङ्गाष्टकम्	१२६
वीरभद्र-पूजन	९६	श्रीराधाकृष्णयुगल-स्तोत्रम्	१२७
स्वामीकार्तिक-पूजन	९६	देव्यपराधक्षमापन-स्तोत्रम्	१२८
कुबेर-पूजन	९७	श्रीशीतलाष्टकम्	१३०
कीर्तिमुख-पूजन	९७	श्रीविष्णुसहस्रनाम-स्तोत्रम्	१३१
अभिषेक	९९	श्रीशिवमहिम्नः स्तोत्रम्	१४५
शिवजीकी आरती	१०३	श्रीशिव मानसपूजा-स्तोत्रम्	१५०
शिवस्तुति	१०४	शिवरामाष्टकम्	१५१
प्रदक्षिणा, क्षमा-प्रार्थना	१०५	श्रीआदित्य-हृदय-स्तोत्रम्	१५२
पार्थिक शिव-पूजन	१०५	अन्नपूर्णा-स्तोत्रम्	१५४
दुर्गा-पूजन	१०७	श्रीसूक्तम्	१५५
भैरव-पूजन	१०८	श्रीनवग्रह-स्तोत्रम्	१५८
देवी-ध्यान	१०८	गजेन्द्रमोक्षस्तोत्रम्	१५९
पुस्तक-पूजन	१११	श्रीमच्छङ्कराचार्यविर०दशश्लोकी	१६२
कुमारी-पूजन	१११	श्रीहनुमान-चालीसा	१६४
दुर्गाजीकी आरती	११२	श्रीसंकटमोचन हनुमानाष्टक	१६६
श्रीमहालक्ष्मी-पूजन	११३	सप्तश्लोकी गीता	१६८
श्रीमहाकाली-पूजन	११७	चतुःश्लोकी भागवत	१६९
लेखनी-पूजन	११८	एकश्लोकी रामायण	१६९
कुबेर-पूजन	११९	गरुड-स्तुति	१६९
तुला तथा मान-पूजन	११९	श्रीहनुमान-स्तुति	१७०
दीपावली-पूजन	११९	अन्नपूर्णा-स्तुति	१७०
श्रीमहालक्ष्मीजीकी आरती	११९	काली-स्तुति	१७०
श्रीसंकटनाशन गणेश-स्तोत्र	१२०	शीतला-स्तुति	१७०
श्रीसत्यनारायणाष्टक	१२१	पीपल-स्तुति	१७०
श्रीमहालक्ष्म्यष्टक	१२२	तुलसी-स्तुति	१७०

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
बलि वैश्वदेव	१७१	होलिकादहन	१८८
पञ्च बलि	१७३	मन्वादि तिथि	१८९
श्राद्ध-विधि	१७४	जयन्ती-निर्णय	१८९
श्राद्ध (पितृश्राद्ध)	१७५	सायं दीपस्तुति	१९०
श्राद्ध (मातृश्राद्ध)	१७८	शयन-विधि	१९१
भोजन-विधि	१८२	सामग्री-संग्रह	१९१
आपोशान	१८३	देवपूजा-सामग्री	१९२
संक्षिप्त व्रत-तिथि निर्णय	१८३	वसना पूजन-सामग्री	१९२
कुछ मुख्य व्रतोंके—		विशिष्ट सामग्री	१९३
संक्षिप्त-निर्णय	१८५	सांकल्पिक श्राद्ध-सामग्री	१९४
एकादशी-निर्णय	१८५	नित्य हवन-सामग्री	१९४
एकादशी व्रत-निर्णय	१८७	विवाह-सामग्री	१९४
श्रावणी-निर्णय	१८७	उपनयन-सामग्री	१९५
श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी	१८८		

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्रीः

नित्यकर्म-विधि

तथा

देवपूजा-पद्धति

अथोच्यते गृहस्थस्य नित्यकर्म यथाविधि।
यत्कृत्वाऽऽनृण्यमाप्नोति दैवात्पैत्र्याच्च मानुषात् ॥ (आश्वलायन)

गृहस्थका नित्यकर्म यथाविधि लिखा जाता है जिसके करनेसे देव, ऋषि और पितृ ऋणसे छुटकारा होता है, इसलिए नित्यकर्म अवश्य करें।

सन्ध्या स्नानं जपश्चैव देवतानाञ्च पूजनम्।
वैश्वदेवं तथातिथ्यं षट् कर्माणि दिने दिने ॥ (वृ० पा० स्मृ०)

स्नान, सन्ध्या, जप, देवताओंका पूजन, वैश्वदेव और अतिथि-सत्कार, ये छः कर्म नित्य करने चाहियें।

प्रातःस्मरण (शय्या पर भी किया जा सकता है)

सूर्योदयसे प्रायः एक घंटा पहले ब्राह्ममुहूर्त होता है। इस समय सोना निषिद्ध है। इस कारण ब्राह्ममुहूर्त में उठकर नीचे लिखा मन्त्र बोलते हुए अपने हाथ देखें।

कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती।
करमूले स्थितो ब्रह्मा प्रभाते करदर्शनम् ॥ (आचारप्रदीप)

हाथोंके अग्रभागमें लक्ष्मी, मध्यमें सरस्वती और मूलमें ब्रह्माका निवास है। अतः सुबह (उठते ही) हाथों का दर्शन करें। पश्चात् नीचे लिखी प्रार्थना कर पृथ्वीपर पैर रखें।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समुद्रवसने देवि ! पर्वतस्तनमण्डले ।
विष्णुपत्नि ! नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ॥

हे विष्णुपत्नि ! हे समुद्ररूपी वस्त्रोंको धारण करनेवाली ! तथा पर्वतरूप स्तनोंसे युक्त पृथ्वी देवि ! तुम्हें नमस्कार है, मेरे पादस्पर्शको क्षमा करो ।

पश्चात् मुख धोकर कुल्ला करके नीचे लिखे 'प्रातःस्मरण' तथा भजनादि करके गणेशजी, लक्ष्मीजी, सूर्य, तुलसी, गौ, गुरु, माता, पिता और वृद्धोंको प्रणाम करें ।

प्रातःस्मरण

प्रातः स्मरामि गणनाथमनाथबन्धुं सिन्दूरपूरपरिशोभितगण्डयुग्मम् । उद्दण्डविघ्नपरिखण्डनचण्डदण्डमाखण्डलादिसुरनायकवृन्दवन्द्यम् ॥१॥ गणपतिर्विघ्नराजो लम्बतुण्डो गजाननः । द्वैमातुरश्च हेरम्ब एकदन्तो गणाधिपः ॥ विनायकश्चारुकर्णः पशुपालो भवात्मजः । द्वादशैतानि नामानि प्रातरुत्थाय यः पठेत् । विश्वं तस्य भवेद् वश्यं न च विघ्नं भवेत् क्वचित् ॥२॥ सत्यरूपं सत्यसन्धं सत्यनारायणं हरिम् । यत्सत्यत्वेन जगतस्तं सत्यं त्वां नमाम्यहम् ॥३॥ त्रैलोक्यचैतन्यमयादिदेव ! श्रीनाथ ! विष्णो ! भवदाज्ञयैव । प्रातः समुत्थाय तव प्रियार्थं संसारयात्रामनुवर्तयिष्ये ॥४॥ सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम् । उज्जयिन्यां महाकालमोङ्कारे ममलेश्वरम् ॥ केदारं हिमवत्पृष्ठे डाकिन्यां भीमशङ्करम् । वाराणस्यां च विश्वेशं त्र्यम्बकं गौतमीतटे ॥ वैद्यनाथं चिताभूमौ नागेशं दारुकावने । सेतुबन्धे च रामेशं घुश्मेशं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

च शिवालये ।। द्वादशैतानि नामानि प्रातरुत्थाय यः पठेत् । सर्वपापविनिर्मुक्तः सर्वसिद्धिफलं लभेत् ।।५।। आदित्यः प्रथमं नाम द्वितीयन्तु दिवाकरः । तृतीयं भास्करः प्रोक्तं चतुर्थं च प्रभाकरः ।। पञ्चमं च सहस्रांशुः षष्ठं चैव त्रिलोचनः । सप्तमं हरिदश्वश्च अष्टमं च विभावसुः ।। नवमं दिनकृत्प्रोक्तं दशमं द्वादशात्मकः । एकादशं त्रयीमूर्तिर्द्वादशं सूर्य एव च ।। द्वादशैतानि नामानि प्रातःकाले पठेन्नर । दुःस्वप्ननाशनं सद्यः सर्वसिद्धिः प्रजायते ।।६।। ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च । गुरुश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ।।७।। भृगुर्वसिष्ठः क्रतुरङ्गिराश्च मनुः पुलस्त्यः पुलहश्च गौतमः । रैभ्यो मरीचिश्च्यवनश्च दक्षः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ।।८।। सनत्कुमारः सनकः सनन्दनः सनातनोऽप्यासुरिपिङ्गलौ च । सप्त स्वराः सप्त रसातलानि कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ।।९।। सप्तार्णवाः सप्त कुलाचलाश्च सप्तर्षयो द्वीपवनानि सप्त । भूरादि कृत्वा भुवनानि सप्त कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ।।१०।। अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमाँश्च विभीषणः । कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनः ।।११।। सप्तैतान्संस्मरेन्नित्यं मार्कण्डेयमथाष्टमम् । जीवेद् वर्षशतं सोऽपि सर्वव्याधिविवर्जितः ।।१२।। पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः । पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः ।।१३।। हरं हरिं हरिश्चन्द्रं हनुमन्तं हलायुधम् । पञ्चकं वै स्मरेन्नित्यं घोरसंकटनाशनम् ।।१४।। महालक्ष्मि ! नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं सुरेश्वरि ! हरिप्रिये !

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं दयानिधे ! ॥१५॥ उमा उषा च वैदेही रमा गङ्गेति पञ्चकम्। प्रातरेव स्मरेन्नित्यं सौभाग्यं वर्द्धते सदा ॥१६॥ सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये ! शिवे ! सर्वार्थसाधिके ! शरण्ये ! त्र्यम्बके ! गौरि ! नारायणि ! नमोऽस्तुते ॥१७॥ अहल्या द्रौपदी तारा कुन्ती मन्दोदरी तथा। पञ्च कन्याः[१] स्मरेन्नित्यं महापातकनाशनम् ॥१८॥ अयोध्या मथुरा माया काशी काञ्ची ह्यवन्तिका। पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः ॥१९॥ कर्कोटकस्य नागस्य दमयन्त्याः नलस्य च। ऋतुपर्णस्य राजर्षेः कीर्तनं कलिनाशनम् ॥२०॥ अनिरुद्धं गजं ग्राहं वासुदेवं महाद्युतिम्। संकर्षणं महात्मानं प्रद्युम्नं च तथैव च॥ मत्स्यं कूर्मं च वाराहं वामनं तार्क्ष्यमेव च। नारसिंहञ्च नागेन्द्रं सृष्टिसंहारकारकम्॥ विश्वरूपं हृषीकेशं गोविन्दं मधुसूदनम्। त्रिदशैर्वन्दितं देवं दृढ़भक्तिमनूपमम्॥ एतानि प्रातरुत्थाय संस्मरिष्यन्ति ये नराः। सर्वपापैः प्रमुच्यन्ते स्वर्गलोकमवाप्नुयुः ॥२१॥ श्रोत्रियं सुभगां गां च अग्निमग्निचितिं तथा। प्रातरुत्थाय यः पश्येदापद्भ्यः स विमुच्यते ॥२२॥ हे जिह्वे ! रससारज्ञे ! सर्वदा मधुरप्रिये ! नारायणाख्यपीयूषं पिब जिह्वे ! निरन्तरम् ॥२३॥

शौच-विधि

यज्ञोपवीत कंठीकर दाहिने कानमें लपेट वस्त्र या आधी धोतीसे सिर ढकें। वस्त्रके अभावमें जनेऊको शिरके ऊपरसे लेकर बायें कानके पीछे करें। जलपात्र बायें रख दिनमें

१. 'पञ्चकं ना'-पाठान्तर।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उत्तर तथा रात्रिमें दक्षिणाकी ओर मुख कर नीचे लिखा मन्त्र बोलकर, मौन हो मल-त्याग करें।

गच्छन्तु ऋषियो देवाः पिशाचा ये च गुह्यकाः।
पितृभूतगणाः सर्वे करिष्ये मलमोचनम्॥ (नारद पु०)

पात्रसे जल ले, बायें हाथसे लिंग धोकर, उसमें एक बार, पश्चात् गुदा धोकर, उसमें तीन बार मिट्टी लगा जलसे शुद्ध करें। बायें हाथको अलग रखते हुए दाहिने हाथसे लाँग (पिछटा) लगाकर उसी हाथमें पात्र लें, मिट्टीके तीन भाग करें, प्रथम से बायाँ हाथ दस बार, दूसरेसे दोनों सात बार और तीसरेसे पात्र तीन बार तथा बायाँ पैर, पश्चात् दाहिना पैर एक-एक बार धो, पात्र शुद्ध करके बची हुई मिट्टी धो दें। सूर्योदयसे पहिले पूर्व, पश्चात् उत्तरकी ओर मुख कर बायीं ओर बारह कुल्ले करें।

दिवा-शौचस्य निश्यर्धं पथि पादो विधीयते।
आर्तः कुर्याद् यथाशक्ति शक्तः कुर्याद् यथोदितम्॥ (आदित्य पु०)

दिनसे रात्रिमें आधी, यात्रामें चौथाई, तथा आतुरकाल में यथाशक्ति शुद्धि करनी चाहिये, किन्तु शक्ति रहते हुए ऊपर लिखे अनुसार कर्म करें।

पुरतः सर्वदेवाश्च दक्षिणे पितरस्तथा।
ऋषयः पृष्ठतः सर्वे वामे गण्डूषमाचरेत्॥ (प्रयोग पारिजात)

सामने देवता, दक्षिणामें पितर और पीठ पीछे ऋषियोंका निवास रहता है, इसलिये कुल्ला बायीं ओर करें।

कुर्यात् द्वादश गण्डूषान् पुरीषोत्सर्जने ततः।
मूत्रोत्सर्गे तु चतुरो भोजनान्ते तु षोडश॥ (आश्वलायन)

मलत्यागके बाद बारह, मूत्रत्यागके बाद चार और भोजनके बाद सोलह कुल्ले करें।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

दन्त-धावन-विधि

मुखशुद्धि किये बिना मन्त्र फलदायक नहीं होते। इसलिए सूर्योदयसे पहिले पूर्व, पश्चात् उत्तर अथवा दोनों समय ईशान (पूर्वोत्तर कोण) की ओर मुखकर दतुअन करनी चाहिये। संक्रान्ति, व्यतिपात, व्रत, श्राद्धके दिन, प्रतिपदा, षष्ठी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा और रविवारको दतुअन नहीं करनी चाहिये। इन दिनोंमें मुखशुद्धिके लिए बारह कुल्ले अधिक करें।

मध्यमानामिकाभ्यां च वृद्धाङ्गुष्ठेन च द्विजः।
दन्तस्य धावनं कुर्यान्न तर्जन्या कदाचन॥ (पद्मपुराण)

मध्यमा, अनामिका अथवा अँगूठेसे दाँत साफ करें किन्तु तर्जनी उँगलीसे कभी न करें।

दतुअन-प्रार्थना

आयुर्बलं यशो वर्चः प्रजाः पशुवसूनि च।
ब्रह्म प्रज्ञां च मेधां च त्वन्नो देहि वनस्पते॥ (विश्वामित्रकल्प)

दतुअन धोकर, नीचे लिखी प्रार्थना करके, करें। पश्चात् दतुअन चीर, जीभी कर, धोकर बाईं ओर फेंक दें।

मौन-विधि

उच्चारे मैथुने चैव प्रस्रावे दन्तधावने।
श्राद्धे भोजनकाले च षट्सु मौनं समाचरेत्॥ (हारीतस्मृति)

मल, मूत्र, मैथुन, दन्तधावन, श्राद्ध और भोजनके समय मौन रहें।

उवासी, छींक, थूकना

उवासी (जम्हाई) आनेपर "चुटकी" बजायें। छींकनेपर "शतं जीवेम शरदः" कहें। अधोवायु, थूक तथा नेत्रोंमें जल आनेपर दाहिना कान अँगूठेसे स्पर्श करें। (सांख्यायन स्मृति)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri

क्षौर-विधि

एकादशी, अमावस्या, चतुर्दशी, पूर्णिमा, संक्रान्ति, व्यतिपात, व्रत, श्राद्ध, रवि, मंगल तथा शनिके दिन क्षौर न करायें।

भानुर्मासं क्षपयति तथा सप्त मार्तण्डसूनुः। भौमश्चाष्टौ वितरति शुभान् बोधनः पञ्च मासान्॥ सप्तेवेन्दुर्दश सुरगुरुः शुक्र एकादशेति। प्राहुर्गर्गप्रभृतिमुनयः क्षौर-कार्येषु नूनम्॥
(वाराही संहिता)

गर्गादि मुनियोंने कहा है कि रविवारको क्षौर करानेसे एक, मंगलवारको आठ और शनिवारको सात मासकी आयु क्षीण होती है, बुधवारको पाँच, सोमवारको सात, गुरुवारको दश और शुक्रवारको ग्यारह मासकी आयु बढ़ती है। (गृहस्थको सोमवार एवम् गुरुवारको भी क्षौर नहीं कराना चाहिये।)

तैलाभ्यङ्ग-विधि

षष्ठी, एकादशी, द्वादशी, अमावस्या, पूर्णिमा तथा रवि, मंगल, गुरु और शुक्रवारको तेल न लगायें, किन्तु सुगंधित तेल लगाया जा सकता है।

तैलाभ्यङ्गे रवौ तापः सोमे शोभा कुजे मृतिः। बुधे धनं गुरौ हानिः शुक्रे दुःखं शनौ सुखम्॥ रवौ पुष्पं गुरौ दूर्वा भौम-बारे च मृत्तिका। गोमयं शुक्रवारे च तैलाभ्यङ्गे न दोषभाक्॥ नित्यमभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम्॥
(ज्योतिषसार)

रविवारको तेल लगानेसे ताप, मंगलवारको मृत्यु, गुरुवारको हानि तथा शुक्रवारको दुःख होता है। सोमवारको शोभा, बुधवारको धन और शनिवारको सुख होता है। यदि निषिद्धवारोंमें तेल लगाना हो, तो रविवारको तेलमें पुष्प, गुरुवारको दूर्वा, मंगलवारको मृत्तिका और शुक्र-

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

वारको गोबर डालकर लगायें, इससे दोष नहीं होता। सुगंधित तेल तथा प्रतिदिन तेल लगानेवालोंको भी दोष नहीं लगता।

अयन—मकर संक्रान्तिसे मिथुन संक्रांति (माघसे आषाढ़) तक "उत्तरायण" सूर्य, और कर्क संक्रान्ति से धनु संक्रान्ति (श्रावणसे पौष) तक "दक्षिणायन" सूर्य रहता है।

ऋतु—वसन्त–मीन और मेषकी संक्रान्ति (चैत्र, वैशाख); ग्रीष्म–वृष और मिथुन (ज्येष्ठ, आषाढ़); वर्षा–कर्क और सिंह (श्रावण, भाद्रपद); शरद्–कन्या और तुला (आश्विन, कार्तिक); हेमन्त–वृश्चिक और धनु (अगहन, पौष); शिशिर-मकर और कुम्भ (माघ, फाल्गुन)—इस प्रकार छः ऋतुएँ हैं।

सङ्कल्प

स्नान, दान, देवपूजन आदिके आरम्भमें सङ्कल्प करना चाहिये। दायें हाथमें केवल जल या जल-पुष्प आदि लें, नीचे लिखे सङ्कल्पमें 'अमुक' के स्थान पर उसके बाद जो शब्द है, उसका विशेष नाम पञ्चाङ्ग आदिमें देखकर बोलना चाहिये।

ब्राह्मण नामके अन्तमें **'शर्मा'**, क्षत्रिय **'वर्मा'**, वैश्य **'गुप्त'** और शूद्र **'दास'** कहें। श्राद्धतर्पणादिमें पितरोंके नामके अन्तमें भी इसी प्रकार बोलें।

ॐ तत्सदद्य श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्य ब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे भारते वर्षे बौद्धावतारे आर्यावर्तैक-देशान्तर्गते (अमुक) देशे, पुण्य (अमुक) क्षेत्रे, (अमुक) ग्रामे, विक्रमसम्वत्सरे (अमुक) संख्यके, शालिवाहनशाके (अमुक)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

संख्यके, (अमुक) नाम्नि सम्वत्सरे, (अमुक) अयने, (अमुक) ऋतौ, (अमुक) मासे, (अमुक) पक्षे, (अमुक) तिथौ, (अमुक) वासरे, (अमुक) नक्षत्रे, (अमुक) गोत्रोत्पन्नः (अमुक) नामाहं मम कायिक-वाचिक-मानसिक-ज्ञाताज्ञात-सकलदोषपरिहारार्थं श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्त्यर्थं श्री-परमेश्वरप्रीत्यर्थं (अमुक) काले, (अमुक) सम्मुखे, (अमुक) कर्म करिष्ये कहकर जलादि छोड़ें।

विशेष—यजमानके लिये सङ्कल्प करें, तो यजमानका षष्ठयन्त गोत्र तथा नाम उच्चारण करें, "मम" के स्थान पर "मम यजमानस्य" और अन्त में "करिष्ये" की जगह "करिष्यामि" कहें।

स्नान-विधि

मनुष्यके शरीरमें प्रधान ९ छिद्र हैं। वे रात्रिमें शयन करनेसे अपवित्र हो जाते हैं। इसलिए प्रातःस्नान अवश्य करें।

निपानादुद्धृतं पुण्यं ततः प्रस्रवणोदकम्। ततोऽपि सारसं पुण्यं ततो नादेयमुच्यते। तीर्थतोयं ततः पुण्यं गङ्गातोयं ततोऽधिकम्॥
(अग्निपुराण)

कुएँके जलसे झरनेका, झरनेसे सरोवरका, सरोवरसे नदीका, नदीसे तीर्थका और तीर्थसे गंगाजीका जल श्रेष्ठ-तर है।

संक्रान्त्यां रविवारे च सप्तम्यां राहुदर्शने। आरोग्ये पुत्रमित्रार्थे न स्नायादुष्णवारिणा॥ मृते जन्मनि संक्रान्तौ श्राद्धे जन्मदिने तथा। अस्पृश्यस्पर्शने चैव न स्नायादुष्णवारिणा॥ (वृद्ध मनु०)

संक्रान्ति, रविवार, सप्तमी, ग्रहण, सन्तानोत्पत्ति, मृताशौच, श्राद्ध, जन्मतिथिके दिन और अस्पृश्यसे छुए जानेपर गरम जलसे स्नान न करें।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्वर्गीया श्रीमती भागीरथी देवी सुरेका—सेठ गोविंदराम सुरेकाकी धर्मपत्नी श्रीमती भागीरथी देवी धर्मनिष्ठ महिला थीं। उनका समय अहर्निश पूजार्चनमें ही व्यतीत होता था। उन्होंने ब्रह्मनाल, वाराणसी स्थित भागीरथीश्वरके मन्दिरका जीर्णोद्धार तथा दीन-दुखी लाल बाबाके बेलर स्थित आश्रममें रामायण-भवनका निर्माण कराया। इनके अतिरिक्त अनेक स्थानोंपर धर्मशालाएँ तथा कच्च भी बनवाए। काशीधाममें एक ऐसे अद्वितीय मंदिरके निर्माणकी उनकी प्रबल आकांक्षा थी, जो इस देवालयपुरीके दर्शनीय स्थानोंमें परिगणित हो। अनेक बार प्रयत्न करनेपर भी अपने जीवनकाल में मनःकामनाकी पूर्ति होते न देख उन्होंने सेठ रतनलाल सुरेका को उसके लिए वचनबद्ध किया, क्योंकि वे पूर्ण रूप से आश्वस्त थीं कि उनका पुत्र बातका धनी है, जो प्राणों की परवाह न कर अपने प्रणका पालन करता है। पुत्रके प्रतिज्ञाबद्ध होने पर उनने मनको बड़ी शांति मिली और वे निर्श्चित होकर सम्वत् २०१० वै० कार्तिक कृष्ण ३० को सदैवके लिए शांत हो गयीं।

पूजनीया माता श्री भागीरथी देवी सुरेकाके स्वर्गारोहणके पश्चात् सेठ रतन-लाल सुरेकाने उनकी पावन स्मृतिमें श्री सत्यनारायण तुलसी मानस मंदिर को प्रतिष्ठितकर उनकी मनःकामनाको साकार रूप प्रदान किया। यह देवालय वाराणसी के सुप्रसिद्ध मंदिरद्वय श्री दुर्गाजी तथा श्रीसंकट-मोचन-हनुमान जी के मध्यमें स्थित है, और आधुनिक युग की एक दर्शनीय अनुपम कलाकृति है। इसके निर्माणमें सेठजी ने अपने तन-मन-धन तीनोंका समन्वय कर भावतो एक अमूल्य निधि भेट की है इसमें देव-विग्रहोंके तीन मंदिर हैं, जो एक दूसरे से संयुक्त हैं। मध्यके मंदिरमें परम रामभक्त श्रीहनुमान् सेवित श्रीराम-लक्ष्मण-जानकी, उनके दक्षिणके मन्दिरमें माता अन्नपूर्णाके समक्ष खप्पर फैलाए भगवान् भोलेनाथ तथा बाएँ मन्दिरमें भगवान् नारायण श्रीलक्ष्मीसहित विराजमाम हैं। 'रामतें अधिक रामकर दासा' के अनुसार सेठजीने इस मंदिरमें रामभक्त गोस्वामी तुलसीदासकी प्रतिमा भी श्रद्धापूर्वक प्रतिष्ठित की है जिसके समक्ष अहर्निश उनकी अद्वितीय विश्वविश्रुत कृति श्रीरामचरितमानसका अखंड पाठ निममितरूपसे होता है। साथ ही, संपूर्ण श्रीरामचरितमानसको मंदिरकी संगमरमर की भित्तिमों पर उत्कीर्ण कराकर सेठजीने उस अमूल्य राष्ट्र-निधिकी स्थायी सुरक्षा की है। मंदिर के चतुर्दिक् निकुंज वाटिकाएँ, सर और सागरके

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

साथ-साथ मंदिर, ऋषि-कुटीर आदिसे सुशोभित हिमालयकी धवल चोटींपर विराजमान भगवान् सदाशिवकी जटासे निरंतर प्रवाहमान जटाशंकरीकी कल-कल ध्वनि मनको बरबस मोह लेती है और दक्षिणके रामेश्वर-मंदिरमें भक्तों द्वारा उच्चरित स्तोत्र-पाठ एवं वैदिक विद्वानों द्वारा सस्वर वेद-गान दर्शकोंको त्रेतायुग का स्मरण दिलाता है।

स्व० सेठ रतनलाल सुरेका—ये वह व्यक्ति थे, जिनकी धवल कीर्तिसे सुरेका वंशाकाश चिरंतन काल तक आलोकित होता रहेगा। इनका नाम स्वयं ही इनके परिचयके लिए पर्याप्त है। 'रतनलाल सुरेका' नाम लेनेमात्रसे सुरेका-वंशके वर्तमान ही नहीं, गत और आगत पीढ़ियोंके महानुभावोंका भी परिचय सहज ही मिल जायेगा। अपने पितामह स्वर्गीय सेठ ठाकुरदास सुरेकाके जीवनकालमें ही इन्होंने वाणिज्यके साथ-साथ उनके समस्त धार्मिक कार्योंका महत् भार भी सँभाल लिया था। उनके विशिष्ट गुण दया-धर्म एवं श्रद्धा-विश्वासकी प्रतिच्छाया पूर्णरूपसे इनपर पड़ी थी। वे उनके सद् उद्देश्योंको अग्रसर करनेमें सदा तत्पर रहते थे।

प्रात:स्मरणीय संत गोस्वामी तुलसीदासजीपर अटूट श्रद्धा होनेके कारण इन्होंने उन्हींके सुनाम और सदुपदेशोंके प्रचार-प्रसारके लिए अपना तन-मन-धन सब कुछ न्यौछावर कर दिया था। श्री सत्यनारायण तुलसी मानस मंदिर श्री सत्यनारायण तुलसी मानस सेवा संस्थान, तुलसी मानस अंध विद्यालय, तुलसी शोध संस्थान, मानस पुस्तकालय एवं वाचनालय, 'मानस-मयूख' शोध पत्रिका, मोहन मानस पुरस्कार आदि इस तथ्यकी वास्तविकताके प्रत्यक्ष प्रमाण थे। धर्म या संप्रदाय, जाति या वर्ण उच्च या नीच, किसी भी प्रकारकी भेद-बुद्धिसे सर्वथा निर्लिप्त होकर, यहाँ तक कि पात्र-अपात्रका विचार भी किये बिना, इनके दानकी अक्षुण्ण धारा निरंतर प्रवाहमान है। धोखेमें कहीं सुपात्रको भी वंचित न रह जाना पड़े और 'ना जाने किस भेषमें नारायण मिल जायँ'—ये तथ्य बराबर इनकी दृष्टिमें रहते थे।

ये अति विनम्र स्वभावके संकोची व्यक्ति थे। धोखेमें ही सही यदि किसीकी बाँह पकड़ ली हो, स्वयं तो उसे निभाते ही थे, दूसरोंसे भी उसकी संस्तुति कर देते थे। अहंका रंचमात्र भी इनमें लवलेश नहीं थे। आत्म-प्रशंसा सुननेके ये एकदम अभ्यस्त नहीं थे।

CC-0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अपने पितामह द्वारा स्थापित 'ठाकुरदास सुरेका चैरिटी फंड' के माध्यमसे इन्होंने बहुतसी लोकोपयोगी सेवाएँ की थी, जिनमें 'मोहनलाल सुरेका हॉस्पिटल', रामगढ़ (राजस्थान); 'ठाकुरदास सुरेका बाल-उद्यान' तथा 'मोहनल.ल सुरेका कर्मशियल एवं टेकनिकल स्कूल', सलकिया, हवड़ा; विशुद्धानंद सरस्वती दातव्य औषधालय, कलकत्ताका आपरेशन-रूप,; ब्रज-सेवा-समिति टी०बी० सैनेटोरियमके भवन-निर्माणमें योगदान, बृन्दावनके परिक्रमा-मार्गमें पुल आदिके निर्माणमें योगदान उल्लेखनीय है। ये तो प्रत्यक्ष दानके संक्षिप्त विवरण थे, गुप्त दान तो इससे कहीं अधिक हैं, जिनका लेखा-जोखा स्वयं उनके पास नहीं थे।

'नित्यकर्म विधि तथा देवपूजा पद्धति'के प्रकाशनमें इनकी विशेष अभिरुचि थे, जिसके परिणामस्वरूप उसके प्रस्तुत संस्करणमें पर्याप्त संशोधन-परिवर्तन एवं परिवर्द्धन संभव हो सका। पूर्वकी अपेक्षा उसकी उपयोगितामें महती अभिवृद्धि हुई है। वे बराबर कहते रहते थे कि "ऋषि-प्रोक्त धर्म एवं उनके द्वारा निर्दिष्ट मार्गका अवलम्बन करनेसे ही हमारा और सभीका कल्याण होना संभव है तथा इस पुस्तकके अनुसार नित्य नियमित रूपसे कर्म करता हुआ प्राणी एकदिन अवश्य अपने ठीक लक्ष्य पर पहुँच जायगा और उसका लोक-परलोक दोनों सुधर जायगा। यदि इससे कुछ लोग भी प्रेरणा प्राप्त कर लाभान्वित हुए, तो इसका प्रकाशन सार्थक होगा"।

गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी सेठ रतनलाल सुरेकाकी प्रवृत्ति विरक्त जैसी है। दुर्दिनकी प्रचंड वर्षा भी आपके धैर्यको विगलित या विचलित नहीं कर पाती। कोई भी परिस्थिति इन्हें धर्म-पथसे विरत करनेमें असमर्थ थे। ऐसे ही उच्चादर्शवाले महान् पुरुषसे समस्त मानवका कल्याण होता है।

विगत वर्षों से वे प्रायः काशी निवास करते हुए मन्दिर की चतुर्दिक श्री-वृद्धि के लिए अधिक प्रयत्नशील रहे। हैं मानस-प्रदर्शिनी की स्थायित्व प्रदान करने के साथ-साथ उन्होंने ने राम-काव्य के अध्येताओं के लिए "श्रीरामकाव्य संग्रहालय" एवम् मृमुक्षुओं के लिए "श्री शिवराम सखा-बैंक" का गिर्माण कराया जो कि विश्व में अपने ढंग का अद्वितीय प्रयास है। भारतीय संस्कृति के अमर गायक गो० तुशसीदासजी के जीवन से सर्व साधारण को परिचित कराने की दृष्टि से "तुलसी दृश्यावली" का भी निर्माण आरम्भ करवाया।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

और कार्तिक कृष्ण षष्ठी २०३९ शनिवार इस महासन्त के महाप्रयाण का दिन बनकर उपस्थित हुआ। मध्याह्न में नाम मात्र का प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात् विश्राम-कक्षमें पद्मासन लगाकर बैठ गये। अर्धाङ्गिनी ने विनोद में पूछा क्या बात है आज संन्यासी बनने की इच्छा है? (क्यों कि उन्होंने जीवन में कभी भी श्रीरतनलाल सुरेका को पद्मासनस्थ नहीं देखा था) उत्तर में मात्र एक मधुर मुस्कान थी। लगभग ३ घंटे वे ध्यानस्थ बैठे थे। मैंने कहा "सेठजी! सत्यदेव भगवान का स्मरण किया जाय" उत्तर था" उन्हीं का तो स्मरण कर रहा हूँ आज तक उनसे भिन्न तो मैंने किसो को ध्याया ही नहीं" और लगभग ३ घंटे एक आसन बैठे-बैठे वह ध्यानमग्न दिव्यात्मा परमात्मा में लीन हो काशी में शिवसायुज्यत्व को प्राप्त कर गयी। इनका आदर्श वाक्य था:—

सीय राम मय सब जग जानी। करौं प्रनाम जोरि जुग पानी॥

स्व० श्रीमोहनलाल सुरेका—प्रकाशक के ज्येष्ठ भ्राता श्रीमोहनलालजी सुरेका भी अपने पितामह श्री गोविन्दराम सुरेका की भाँति ही पूर्व जन्म के शेष ऋणानुबन्ध से मुक्त होने के लिए पृथ्वी पर आये थे। १६-१७ वर्ष की आयु में वाणिज्य में स्नातक हो अपने पिता श्रीरतनलाल सुरेका के व्यापार में पूर्ण सहयोग प्रदान करने लग गये थे। मात्र दो बर्ष के प्रयत्न से पिता श्री को कोट्याधीश बनाकर १९ वर्ष की अवस्था में गीता की उक्ति (सुचीनां श्रीमतां गेहे योग भ्रष्टोऽभिजायते) को चरितार्थ करते हुए, इस असार संसार को त्याग अनन्त पथ में लीन हो गये।

श्रीराजकुमार सुरेका—वस्तुत: श्रीराजकुमार सुरेका श्री रतनलाल सुरेका की प्रति मूर्ति हैं। वही पिता का सा सरल स्वभाव अभिमान रहित आचरण तथा निष्काम कर्म-भावना। आपने अपने पिताश्री के सभी कार्यों मे विगत १६ वर्षों से पूर्ण सहयोग देना प्रारम्भ कर दिया था इनके कार्य-कलापों से सन्तुष्ट हो श्रीरतनलाल जी सुरेका, सम्पूर्ण व्यापार-भार इन पर सौंप, वाराणसी में ही विशेष समय व्यतीत करने लग गये थे। यद्यपि श्रीराजकुमार सुरेका धीर एवम् प्रत्युत्पन्न प्रतिभा सम्पन्न सफल व्यक्तित्ववान पुरुष हैं तथापि पिताश्री के अभाव में पूजनीया माता के निर्देश में पिताजी द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर चलने का व्रत लेकर कार्य-क्षेत्र में सलग्न हैं। प्रभु इन्हें सहयोग प्रदान करें यही मंगल कामना है।

CC0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

बटुकप्रसाद शर्मा शास्त्री

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

मदनदहनके पुत्रको सुमरूँ बारंबार ।
विघ्न मिटै संकट कटै मङ्गल होय अपार ॥ ८ ॥

लम्बोदर भुज चार हैं, नेत्र तीन रंग लाल ।
नाना वर्ण सुवेश हैं, मुख प्रसन्न शशिभाल ॥ ९ ॥

विघ्ननिवारण सब सुख कारण भक्त उधारण ज्ञानधनम् ।
दैत्यविदारण परशूधारण ऋद्धिकारण देववरम् ॥१० ॥

गिरिजा माता षणमुखभ्राता शङ्कर तात सौख्यकरम् ।
भूसुररच्छक मोदकभच्छक ज्ञानीलच्छक कीर्तिकरम् ॥ ११ ॥

काटत बंधन सब दुखखण्डन गिरजानन्दन पाशधरम् ।
दुःखविदारण मङ्गलकारण कविवर धारण शीशवरम् ॥ १२ ॥

शुण्डादण्डं तेजप्रचण्डं इन्दुखण्डं भालधरम् ।
मङ्गलकारण दुर्जनमारण विपतिविदारण ऋद्धिकरम् ॥ १३ ॥

करिवदनविमण्डित ओज अखण्डित पूरणपंडित ज्ञानपरम् ।
गिरिनन्दिनिनन्दन असुरनिकन्दन सूरउर चन्दन कीर्तिकरम् ॥१४॥

भूषण मृगलच्छण वीरविचच्छण जनप्रणरच्छण पाशधरम् ।
जय जय गणनायक खलगणघालक दास-सहायक विघ्नहरम् ॥१५॥

मनाऊँ एकदंत महाराज, सुधारो सभी हमारो काज ।
रूप थारो कनकवरण राजै देख कर महाकाल भाजै ॥ १६ ॥

मूरति अतिसुन्दर साजै, दुःख सब दर्शन से भाजै ।
विनती सुणलीजो गणराज सुधारो सभी हमारो लाज ॥ १७ ॥

विघ्नहरण गणनाथजी, कृपा करो महराज ।
तुम्हारो अब लियो आसरो, रखियो मेरी लाज ॥ १८॥

॥ शुभम् ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

प्रकाणक के ज्येष्ठ भ्राता
स्वर्गीय श्री मोहनलालजी सुरेका



प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः ।

शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ।

प्रकाशक
श्रीराजकुमारजी सुरेका

सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी ।

जो पितु मातु बचन अनुरागी ।

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri
CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

राम बाम दिसि जानकी, लषन दाहिनी ओर ।
ध्यान सकल कल्याण जिमि, सुरतरु तुलसी-तोर ॥



श्री सत्यनारायण तुलसी मानस मन्दिर (वाराणसी) में प्रतिष्ठापित
श्रीरामजी, श्रीजानकीजी, श्रीलक्ष्मणजी एवम् श्रीहनुमानजी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

मङ्गलाचरण

श्रीगणेश इह विश्रुत-नामा । रामनाम-महिमाञ्चितधामा ॥
भक्तचित-वाञ्छितकृतपूर्तिः । मङ्गलायतन-मङ्गलमूर्तिः ॥ १ ॥

स जयति सिन्धुरवदनो देवो यत्पादपङ्कजस्मरणम् ।
वासरमणिरिव तमसां राशीन्नाशयति विघ्नानाम् ॥ २ ॥

खर्व्वं स्थूलतनुं गजेन्द्रवदनं लम्बोदरं सुन्दरम् ।
प्रस्यन्दन्मदगन्धलुब्धमधुपव्यालोलगण्डस्थलम् ।
दन्ताघात-विदारितारिरुधिरैः सिन्दूरशोभाकरम् ।
वन्दे शैलसुतासुतं गणपतिं सिद्धिप्रदं कर्मसु ॥ ३ ॥

विघ्नाध्वान्तनिवारणैकतरणिर्विघ्नाटवीहव्यवाट् ।
विघ्नव्याल-कुलाभिमानगरुडो विघ्नेभपञ्चाननः ।
विघ्नोत्तुङ्गगिरिप्रभेदस-पविर्विघ्नाम्बुदेर्बाडवः ।
विघ्नाघौघघनप्रचण्डपवनो विघ्नेश्वरः पातु नः ॥ ४ ॥

दधानं भृङ्गालीमनिशममबे गण्डयुगले ।
ददानं सर्वार्थान्निजचरणसेवासुकृतिने ।
दयाधारं सारं निखिलनिगमानामनुदिनम् ।
गजास्यं स्मेरास्यं तमिह कलये चित्तनिलये ॥ ५ ॥

मुदा करात्तमोदकं सदा विमुक्तिसाधकम् ।
कलाधरावतंसकं विलासि लोकरक्षकम् ।
अनायकैकनायक विनाशितेभदैत्यकम् ।
नताशुभाशुनाशकं नमामि तं विनायकम् ॥ ६ ॥

यजामो गणेशं भजामो गणेशं जपामो गणेशं वदामो गणेशम् ।
स्मरामो गणेशं स्मरामो गणेशं नमामो गणेशं नमामो गणेशम् ॥ ७ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्रीसत्यनारायणजी की स्तुति

सत्यदेव भगवानकी सरन सदा सुखखान ।
सकल मनोरथ देत प्रभु जो नर कर गुनगान ॥ १ ॥

दीनबंधु श्रीनाथजी निज जन तारक ईस ।
द्रवहु सदा इस दास पै करुनामय जगदीश ॥ २ ॥

परम पिता परमेस हे मैं पतितन सिरताज ।
वेगि उबारहु जानि निज करहु सकल सुभकाज ॥ ३ ॥

तुम सम हे करुनानिधे करत कौन उपकार ।
अगनित गनिकादिक तरे साखि बेद हैं चार ॥ ४ ॥

दयासिंधु नहिं देखते भक्तनके दुखभार ।
त्रिबिध ताप दुख दूर कर भवसे करते पार ॥ ५ ॥

सत्यदेव भगवानकी कथा जगतमें सार ।
सरन तेहिंकी जो लहै ताहि होत उद्धार ॥ ६ ॥

द्विजवर लकड़ीहार अरु साधु वैश्य परिवार ।
चंद्रकेतु अरु तुंगध्वज पाँच कथा जग सार ॥ ७ ॥

इन भक्तनके काज प्रभु प्रगटे बारंबार ।
सकल मनोरथ सिद्ध करि दिये पदारथ चार ॥ ८ ॥

जन्म जन्म बिनती यही श्रीचरनों में ध्यान ।
सज्जन संगति हरि भजन दान धर्म दृढ़ ज्ञान ॥ ९ ॥

स्तुति प्रभुकी जो प्रेमसे पढ़े कपट तजि नित्त ।
चार पदारथ देत तेहि प्रभु मन चाहा बित्त ॥ १० ॥

बार बार बिनती यही सत्यदेव भगवान ।
पार करो भवसिंधु से सेवक अपना जान ॥ ११ ॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

श्रीसत्यनारायण तुलसी मानस मन्दिर, वाराणसी में प्रतिष्ठापित—

बाबा श्रीविश्वनाथजी एवम् माता श्रीअन्नपूर्णाजी

भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ ।
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तस्थमीश्वरं ॥

भगवान श्रीविष्णुजी एवम् भगवती श्रीलक्ष्मीजी

तवनाम जपामि नमामि हरी, भवरोग महागदमान अरी ।
गुनसील कृपा परमायतनं प्रनमामि निरन्तर श्रीरमनं ॥

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.
CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सत्यनारायणं देवं वन्देऽहं कामदं प्रभुम् ।
लीलया विततं विश्वं येन तस्मै नमोनमः ।।



श्रीसत्यनारायण मन्दिर, सलकिया (हवड़ा) में प्रतिष्ठापित
श्रीलक्ष्मीजी, श्रीसत्यनारायणजी एवम् श्रीगङ्गाजी

लम्बोदरं परमसुन्दरमेकदन्तं, पीताम्बरं त्रिनयनं परमं पवित्रम् ।
उद्यद्दिवाकर-विभोज्वलकान्तिकान्तं, विघ्नेश्वरं सकलविघ्नहरं नमामि ।।

श्रीगणेशजी

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समर्पण

अनाद्यनन्त ऐश्वर्य-विशिष्ट ! अपरिमित-कोटि ब्रह्माण्डनायक !
वेदैकप्रतिपाद्य ! अगणित आर्ताभीष्ट फलप्रद !
दीनबन्धो ! दीननाथ ! भक्तवत्सल ! भगवन् !

श्री श्री सत्यनारायण महाप्रभो !

यह

नित्यकर्म-विधि तथा देवपूजा-पद्धति

रूपी-पुष्प

श्रीचरण-कमलोंमें

सादर समर्पित है ।

"त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये ।"

श्रीचरण-सेवक

राजकुमार सुरेका

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्री रुद्राष्टकं

नमामीशमीशाननिर्बाणरुपं, विभुं व्यापकं ब्रह्मवेदस्वरुपं।
निजं निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं, चिदाकाशमाकाशवासं भजेहं।
निराकारमोंकारमूलं तुरीयं, गिराज्ञानगोतीतमीशं गिरीशं।
करालं महाकालकालं कृपालं, गुणागारसंसारपारं नतोहं।
तुषाराद्रिसंकाशगौरं गभीरं, मनोभूतकोटिप्रभाश्रीशरीरं।
स्फुरन्मौलिकल्लोलिनीचारुगंगा, लसभालबालेंदु कंठे भुजंगा।
चलत्कुंडलं भ्रू सुनेत्रं विशालं, प्रसन्नाननं नीलकंठ दयालं।
मृगाधीश चर्माम्बिरं मुंडमालं, प्रिय शंकरं सर्वनाथं भजामि।
प्रचंडं प्रकृष्टं प्रगल्भं परेशं, अखंडं अजं भानुकोटि प्रकाशं।
त्रयः शूलनिर्मूलनं शूलपाणि, भजेहं भवानीपतीं भावगम्यं।
कलातीतकल्याण कल्पांतकारी, सदा सज्जनानंददाता पुरारी।
चिदानंदसंदोहमोहापहारी, प्रसीद प्रसीद प्रभो मन्मथारी।
न यावद् उमानाथ पादारविंदं, भजंतीह लोके परे वा नराणां।
न तावत्सुखं शांति संतापनाशं, प्रसीद प्रभो सर्वभूताधिवासं।
न जानामि योगं जपं नैव पूजां, न तोहं सदा सर्वदा शभु तुभ्यं।
जराजन्मदुःखौघतातप्यमानं, प्रभो पाहि आपन्नमामीशशंभो॥

रुद्राष्टक मिदं प्रोक्तं विप्रेण हरतोषये।
ये पठंतिनरा भक्त्या तेषां शंभुः प्रसीदति॥

श्रीगोस्वामीतुलसीदास विरचितं रुद्राष्टकस्तोत्रं संपूर्णम्।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
प्रातः स्मरण	२	कुशाग्रहण-विधि	१६
शौच-विधि	४	कुशाग्रहण-मन्त्र	१६
दन्तधावन-विधि	६	त्यागयोग्य कुशा	१७
दतुअन-प्रार्थना	६	जप-विधि	१७
मौन-विधि	६	माला-विधि	१८
उवासी, छींक, थूकना	६	माला-प्रार्थना	१८
क्षौर-विधि	७	देवमन्त्र की कर-माला	१९
तैलाभ्यङ्ग-विधि	७	आचमन-विधि	२०
सङ्कल्प	८	अर्घ-विधि	२१
स्नान-विधि	९	सन्ध्या-विधि	२१
तीर्थावाहन	१०	प्रातः सन्ध्या	२३
भागीरथी की प्रार्थना	११	पवित्रकरण-मन्त्र	२४
स्नानाङ्ग-तर्पण	१२	आसन-पवित्रकरण	२४
वस्त्रधारण-विधि	१३	आचमन-मन्त्र	२५
आसन	१३	प्राणायाम-विधि	२५
शिखाबन्धन-मन्त्र	१३	पूरक आदि प्राणायाम	२६
तिलक	१४	प्राणायाम-मन्त्र	२७
चन्दनधारण-मन्त्र	१४	आचमन	२७
तिलकधारण-विधि	१४	उपस्थान	२९
भस्मधारण-विधि	१४	षडङ्गन्यास	३१
भस्मधारण-मन्त्र	१५	गायत्री-ध्यान	३१
यज्ञोपवीतधारण-विधि	१५	आवाहन-मन्त्र	३२
यज्ञोपवीतधारण-मन्त्र	१५	उपस्थान-मन्त्र	३२
जीर्णयज्ञोपवीत त्याग-मन्त्र	१६	गायत्रीशाप-विमोचन	३२

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
ब्रह्मशाप-विमोचन	३२	घण्टा-पूजन	६२
वशिष्ठ-शापविमोचन	३३	शंखपूजन	६२
विश्वामित्र-शापविमोचन	३३	स्वस्तिवाचन	६२
गायत्री-हृदय	३४	पुण्याहवाचन	६४
जपके पूर्वकी २४ मुद्राएँ	३५	अङ्गन्यास	६८
२४ मुद्राएँ करनेकी विधि	३५	गणपति तथा अम्बिका-पूजन	६९
गायत्री-मन्त्र	४०	कलश-पूजन	७४
शक्ति-मन्त्र जपनेकी करमाला	४१	नवग्रह-पूजन	७७
जपके बादकी ८ मुद्राएँ	४१	पञ्चलोकपाल-पूजन	७९
८ मुद्राएँ करनेकी विधि	४१	दशदिक्पाल-पूजन	८०
गायत्री-कवच	४३	षोडश मातृका-पूजन	८१
गायत्री-तर्पण	४४	चतुःषष्टि योगिनी-पूजन	८२
प्रदक्षिणा-मन्त्र	४५	रक्षा-विधान	८२
क्षमा-प्रार्थना	४५	ब्राह्मण-रक्षाबन्धन-मन्त्र	८३
विसर्जन	४५	ब्राह्मणतिलक-मन्त्र	८४
मध्याह्न-सन्ध्या	४५	यजमान रक्षाबन्धन-मन्त्र	८४
सायं-सन्ध्या	४६	यजमान तिलक-मन्त्र	८४
पञ्च महायज्ञ	४७	शालग्राम-पूजन	८४
तर्पण-विधि	४८	सत्यनारायणजीकी आरती	८६
तर्पण	४८	विष्णु-स्तुति	९०
देव-तर्पण	४९	पुष्पाञ्जलि	९३
ऋषि-तर्पण	४९	प्रदक्षिणा	९३
पितृ-तर्पण	५०	क्षमा-प्रार्थना	९३
ब्रह्म-यज्ञ	५६	विसर्जन	९४
नित्य होम	५७	चरणामृत ग्रहण-विधि	९४
देवपूजा-विधि	५९	तुलसी ग्रहण-मन्त्र	९४
वृक्ष से तुलसीग्रहण-मन्त्र	६१	चरणामृत ग्रहण-मन्त्र	९४
दीपक-पूजन	६२	पञ्चामृत ग्रहण-मन्त्र	९५

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
नैवेद्य ग्रहण-मन्त्र	९५	कनकधारा-स्तोत्रम्	१२३
शिव-पूजन	९५	कृष्णयजुर्वेदीय चाक्षुषोपनिषद्	१२५
नन्दीश्वर-पूजन	९६	श्रीगङ्गाष्टकम्	१२६
वीरभद्र-पूजन	९६	श्रीराधाकृष्णयुगल-स्तोत्रम्	१२७
स्वामीकार्तिक-पूजन	९६	देव्यपराधक्षमापन-स्तोत्रम्	१२८
कुबेर-पूजन	९७	श्रीशीतलाष्टकम्	१३०
कीर्तिमुख-पूजन	९७	श्रीविष्णुसहस्रनाम-स्तोत्रम्	१३१
अभिषेक	९९	श्रीशिवमहिम्नः स्तोत्रम्	१४५
शिवजीकी आरती	१०३	श्रीशिव मानसपूजा-स्तोत्रम्	१५०
शिवस्तुति	१०४	शिवरामाष्टकम्	१५१
प्रदक्षिणा, क्षमा-प्रार्थना	१०५	श्रीआदित्य-हृदय-स्तोत्रम्	१५२
पार्थिक शिव-पूजन	१०५	अन्नपूर्णा-स्तोत्रम्	१५४
दुर्गा-पूजन	१०७	श्रीसूक्तम्	१५५
भैरव-पूजन	१०८	श्रीनवग्रह-स्तोत्रम्	१५८
देवी-ध्यान	१०८	गजेन्द्रमोक्षस्तोत्रम्	१५९
पुस्तक-पूजन	१११	श्रीमच्छङ्कराचार्यविर०दशश्लोकी	१६२
कुमारी-पूजन	१११	श्रीहनुमान-चालीसा	१६४
दुर्गाजीकी आरती	११२	श्रीसंकटमोचन हनुमानाष्टक	१६६
श्रीमहालक्ष्मी-पूजन	११३	सप्तश्लोकी गीता	१६८
श्रीमहाकाली-पूजन	११७	चतुःश्लोकी भागवत	१६९
लेखनी-पूजन	११८	एकश्लोकी रामायण	१६९
कुबेर-पूजन	११९	गरुड-स्तुति	१६९
तुला तथा मान-पूजन	११९	श्रीहनुमान-स्तुति	१७०
दीपावली-पूजन	११९	अन्नपूर्णा-स्तुति	१७०
श्रीमहालक्ष्मीजीकी आरती	११९	काली-स्तुति	१७०
श्रीसंकटनाशन गणेश-स्तोत्र	१२०	शीतला-स्तुति	१७०
श्रीसत्यनारायणाष्टक	१२१	पीपल-स्तुति	१७०
श्रीमहालक्ष्म्यष्टक	१२२	तुलसी-स्तुति	१७०

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

विषय	पृष्ठ	विषय	पृष्ठ
बलि वैश्वदेव	१७१	होलिकादहन	१८८
पञ्च बलि	१७३	मन्वादि तिथि	१८६
श्राद्ध-विधि	१७४	जयन्ती-निर्णय	१८६
श्राद्ध (पितृश्राद्ध)	१७५	सायं दीपस्तुति	१६०
श्राद्ध (मातृश्राद्ध)	१७८	शयन-विधि	१६१
भोजन-विधि	१८२	सामग्री-संग्रह	१६१
आपोशान	१८३	देवपूजा-सामग्री	१६२
संक्षिप्त व्रत-तिथि निर्णय	१८३	वसना पूजन-सामग्री	१६२
कुछ मुख्य व्रतोंके—		विशिष्ट सामग्री	१६३
संक्षिप्त-निर्णय	१८५	सांकल्पिक श्राद्ध-सामग्री	१६४
एकादशी-निर्णय	१८५	नित्य हवन-सामग्री	१६४
एकादशी व्रत-निर्णय	१८७	विवाह-सामग्री	१६४
श्रावणी-निर्णय	१८७	उपनयन-सामग्री	१६५
श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी	१८८		

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

श्रीः

नित्यकर्म-विधि

तथा

देवपूजा-पद्धति

अथोच्यते गृहस्थस्य नित्यकर्म यथाविधि।
यत्कृत्वाऽऽनृण्यमाप्नोति दैवात्पैत्र्याच्च मानुषात्॥ (आश्वलायन)

गृहस्थका नित्यकर्म यथाविधि लिखा जाता है जिसके करनेसे देव, ऋषि और पितृ ऋणसे छुटकारा होता है, इसलिए नित्यकर्म अवश्य करें।

सन्ध्या स्नानं जपश्चैव देवतानाञ्च पूजनम्।
वैश्वदेवं तथातिथ्यं षट् कर्माणि दिने दिने॥ (वृ० पा० स्मृ०)

स्नान, सन्ध्या, जप, देवताओंका पूजन, वैश्वदेव और अतिथि-सत्कार, ये छः कर्म नित्य करने चाहियें।

प्रातःस्मरण (शय्या पर भी किया जा सकता है)

सूर्योदयसे प्रायः एक घंटा पहले ब्राह्ममुहूर्त होता है। इस समय सोना निषिद्ध है। इस कारण ब्राह्ममुहूर्त में उठकर नीचे लिखा मन्त्र बोलते हुए अपने हाथ देखें।

कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती।
करमूले स्थितो ब्रह्मा प्रभाते करदर्शनम्॥ (आचारप्रदीप)

हाथोंके अग्रभागमें लक्ष्मी, मध्यमें सरस्वती और मूलमें ब्रह्माका निवास है। अतः सुबह (उठते ही) हाथों का दर्शन करें। पश्चात् नीचे लिखी प्रार्थना कर पृथ्वीपर पैर रखें।

CC0. In Public Domain KirtiKant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

समुद्रवसने देवि ! पर्वतस्तनमण्डले ।
विष्णुपत्नि ! नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे ॥

हे विष्णुपत्नि ! हे समुद्ररूपी वस्त्रोंको धारण करनेवाली ! तथा पर्वतरूप स्तनोंसे युक्त पृथ्वी देवि ! तुम्हें नमस्कार है, मेरे पादस्पर्शको क्षमा करो ।

पश्चात् मुख धोकर कुल्ला करके नीचे लिखे 'प्रातः-स्मरण' तथा भजनादि करके गणेशजी, लक्ष्मीजी, सूर्य, तुलसी, गौ, गुरु, माता, पिता और वृद्धोंको प्रणाम करें ।

प्रातःस्मरण

प्रातः स्मरामि गणनाथमनाथबन्धुं सिन्दूरपूरपरिशोभित-गण्डयुग्मम् । उद्दण्डविघ्नपरिखण्डनचण्डदण्डमाखण्डलादि-सुरनायकवृन्दवन्द्यम् ॥१॥ गणपतिर्विघ्नराजो लम्बतुण्डो गजाननः । द्वैमातुरश्च हेरम्ब एकदन्तो गणाधिपः ॥ विनायकश्चारुकर्णः पशुपालो भवात्मजः । द्वादशैतानि नामानि प्रातरुत्थाय यः पठेत् । विश्वं तस्य भवेद् वश्यं न च विघ्नं भवेत् क्वचित् ॥२॥ सत्यरूपं सत्यसन्धं सत्यनारायणं हरिम् । यत्सत्यत्वेन जगतस्तं सत्यं त्वां नमाम्यहम् ॥३॥ त्रैलोक्य-चैतन्यमयादिदेव ! श्रीनाथ ! विष्णो ! भवदाज्ञयैव । प्रातः समुत्थाय तव प्रियार्थं संसारयात्रामनुवर्तयिष्ये ॥४॥ सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम् । उज्जयिन्यां महाकाल-मोङ्कारे ममलेश्वरम् ॥ केदारं हिमवत्पृष्ठे डाकिन्यां भीम-शङ्करम् । वाराणस्यां च विश्वेशं त्र्यम्बकं गौतमीतटे ॥ वैद्य-नाथं चिताभूमौ नागेशं दारुकावने । सेतुबन्धे च रामेशं घुश्मेशं

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

च शिवालये ॥ द्वादशैतानि नामानि प्रातरुत्थाय यः पठेत् । सर्वपापविनिर्मुक्तः सर्वसिद्धिफलं लभेत् ॥५॥ आदित्यः प्रथमं नाम द्वितीयन्तु दिवाकरः । तृतीयं भास्करः प्रोक्तं चतुर्थं च प्रभाकरः ॥ पञ्चमं च सहस्रांशुः षष्ठं चैव त्रिलोचनः । सप्तमं हरिदश्वश्च अष्टमं च विभावसुः ॥ नवमं दिनकृत्प्रोक्तं दशमं द्वादशात्मकः । एकादशं त्रयीमूर्तिर्द्वादशं सूर्य एव च ॥ द्वादशैतानि नामानि प्रातःकाले पठेन्नर । दुःस्वप्ननाशनं सद्यः सर्वसिद्धिः प्रजायते ॥६॥ ब्रह्मा मुरारिस्त्रिपुरान्तकारी भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च । गुरुश्च शुक्रः शनिराहुकेतवः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ॥७॥ भृगुर्वसिष्ठः क्रतुरङ्गिराश्च मनुः पुलस्त्यः पुलहश्च गौतमः । रैभ्यो मरीचिश्च्यवनश्च दक्षः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ॥८॥ सनत्कुमारः सनकः सनन्दनः सनातनोऽप्यासुरिपिङ्गलौ च । सप्त स्वराः सप्त रसातलानि कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ॥९॥ सप्तार्णवाः सप्त कुलाचलाश्च सप्तर्षयो द्वीपवनानि सप्त । भूरादि कृत्वा भुवनानि सप्त कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम् ॥१०॥ अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमाँश्च विभीषणः । कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनः ॥११॥ सप्तैतान्संस्मरेन्नित्यं मार्कण्डेयमथाष्टमम् । जीवेद् वर्षशतं सोऽपि सर्वव्याधिविवर्जितः ॥१२॥ पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः । पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः ॥१३॥ हरं हरिं हरिश्चन्द्रं हनुमन्तं हलायुधम् । पञ्चकं वै स्मरेन्नित्यं घोरसंकटनाशनम् ॥१४॥ महालक्ष्मि ! नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं सुरेश्वरि ! हरिप्रिये !

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं दयानिधे ! ॥१५॥ उमा उषा च वैदेही रमा गङ्गेति पञ्चकम् । प्रातरेव स्मरेन्नित्यं सौभाग्यं वर्द्धते सदा ॥१६॥ सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये ! शिवे ! सर्वार्थसाधिके ! शरण्ये ! त्र्यम्बके ! गौरि ! नारायणि ! नमोऽस्तुते ॥१७॥ अहल्या द्रौपदी तारा कुन्ती मन्दोदरी तथा । पञ्च कन्याः[1] स्मरेन्नित्यं महापातकनाशनम् ॥१८॥ अयोध्या मथुरा माया काशी काञ्ची ह्यवन्तिका । पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः ॥१९॥ कर्कोटकस्य नागस्य दमयन्त्याः नलस्य च । ऋतुपर्णस्य राजर्षेः कीर्तनं कलिनाशनम् ॥२०॥ अनिरुद्धं गजं ग्राहं वासुदेवं महाद्युतिम् । संकर्षणं महात्मानं प्रद्युम्नं च तथैव च ॥ मत्स्यं कूर्मं च वाराहं वामनं तार्क्ष्यमेव च । नारसिंहञ्च नागेन्द्रं सृष्टिसंहारकारकम् ॥ विश्वरूपं हृषीकेशं गोविन्दं मधुसूदनम् । त्रिदशैर्वन्दितं देवं दृढभक्तिमनूपमम् ॥ एतानि प्रातरुत्थाय संस्मरिष्यन्ति ये नराः । सर्वपापैः प्रमुच्यन्ते स्वर्गलोकमवाप्नुयुः ॥२१॥ श्रोत्रियं सुभगां गां च अग्निमग्निचितिं तथा । प्रातरुत्थाय यः पश्येदापद्भ्यः स विमुच्यते ॥२२॥ हे जिह्वे ! रससारज्ञे ! सर्वदा मधुरप्रिये ! नारायणाख्यपीयूषं पिब जिह्वे ! निरन्तरम् ॥२३॥

शौच–विधि

यज्ञोपवीत कंठीकर दाहिने कानमें लपेट वस्त्र या आधी धोतीसे सिर ढकें । वस्त्रके अभावमें जनेऊको शिरके ऊपरसे लेकर बायें कानके पीछे करें । जलपात्र बायें रख दिनमें

1. 'पञ्चकं ना'-पाठान्तर ।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

उत्तर तथा रात्रिमें दक्षिणकी ओर मुख कर नीचे लिखा मन्त्र बोलकर, मौन हो मल-त्याग करें।

गच्छन्तु ऋषियो देवाः पिशाचा ये च गुह्यकाः।
पितृभूतगणाः सर्वे करिष्ये मलमोचनम् ॥ (नारद पु०)

पात्रसे जल ले, बायें हाथसे लिंग धोकर, उसमें एक बार, पश्चात् गुदा धोकर, उसमें तीन बार मिट्टी लगा जलसे शुद्ध करें। बायें हाथको अलग रखते हुए दाहिने हाथसे लाँग (पिछटा) लगाकर उसी हाथमें पात्र लें, मिट्टीके तीन भाग करें, प्रथम से बायाँ हाथ दस बार, दूसरेसे दोनों सात बार और तीसरेसे पात्र तीन बार तथा बायाँ पैर, पश्चात् दाहिना पैर एक-एक बार धो, पात्र शुद्ध करके बची हुई मिट्टी धो दें। सूर्योदयसे पहिले पूर्व, पश्चात् उत्तरकी ओर मुख कर बायीं ओर बारह कुल्ले करें।

दिवा-शौचस्य निश्यर्धं पथि पादो विधीयते।
आर्तः कुर्याद् यथाशक्ति शक्तः कुर्याद् यथोदितम् ॥ (आदित्य पु०)

दिनसे रात्रिमें आधी, यात्रामें चौथाई, तथा आतुरकाल में यथाशक्ति शुद्धि करनी चाहिये, किन्तु शक्ति रहते हुए ऊपर लिखे अनुसार कर्म करें।

पुरतः सर्वदेवाश्च दक्षिणे पितरस्तथा।
ऋषयः पृष्ठतः सर्वे वामे गण्डूषमाचरेत् ॥ (प्रयोग पारिजात)

सामने देवता, दक्षिणमें पितर और पीठ पीछे ऋषियोंका निवास रहता है, इसलिये कुल्ला बायीं ओर करें।

कुर्यात् द्वादश गण्डूषान् पुरीषोत्सर्जने ततः।
मूत्रोत्सर्गे तु चतुरो भोजनान्ते तु षोडश ॥ (आश्वलायन)

मलत्यागके बाद बारह, मूत्रत्यागके बाद चार और भोजनके बाद सोलह कुल्ले करें।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

दन्त-धावन-विधि

मुखशुद्धि किये बिना मन्त्र फलदायक नहीं होते। इसलिए सूर्योदयसे पहिले पूर्व, पश्चात् उत्तर अथवा दोनों समय ईशान (पूर्वोत्तर कोण) की ओर मुखकर दतुअन करनी चाहिये। संक्रान्ति, व्यतिपात, व्रत, श्राद्धके दिन, प्रतिपदा, षष्ठी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पूर्णिमा और रविवारको दतुअन नहीं करनी चाहिये। इन दिनोंमें मुखशुद्धिके लिए बारह कुल्ले अधिक करें।

मध्यमानामिकाभ्यां च वृद्धाङ्गुष्ठेन च द्विजः।
दन्तस्य धावनं कुर्यान्न तर्जन्या कदाचन॥ (पद्मपुराण)

मध्यमा, अनामिका अथवा अँगूठेसे दाँत साफ करें किन्तु तर्जनी उँगलीसे कभी न करें।

दतुअन-प्रार्थना

आयुर्बलं यशो वर्चः प्रजाः पशुवसूनि च।
ब्रह्म प्रज्ञां च मेधां च त्वन्नो देहि वनस्पते॥ (विश्वामित्रकल्प)

दतुअन धोकर, नीचे लिखी प्रार्थना करके, करें। पश्चात् दतुअन चीर, जीभी कर, धोकर बाईं ओर फेंक दें।

मौन-विधि

उच्चारे मैथुने चैव प्रस्रावे दन्तधावने।
श्राद्धे भोजनकाले च षट्सु मौनं समाचरेत्॥ (हारीतस्मृति)

मल, मूत्र, मैथुन, दन्तधावन, श्राद्ध और भोजनके समय मौन रहें।

उवासी, छींक, थूकना

उवासी (जम्हाई) आनेपर "चुटकी" बजायें। छींकनेपर "शतं जीवेम शरदः" कहें। अधोवायु, थूक तथा नेत्रोंमें जल आनेपर दाहिना कान अँगूठेसे स्पर्श करें। (सांख्यायन स्मृति)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

क्षौर-विधि

एकादशी, अमावस्या, चतुर्दशी, पूर्णिमा, संक्रान्ति, व्यतिपात, व्रत, श्राद्ध, रवि, मंगल तथा शनिके दिन क्षौर न करायें।

भानुर्मासं क्षपयति तथा सप्त मार्तण्डसूनुः। भौमश्चाष्टौ वितरति शुभान् बोधनः पञ्च मासान्॥ सप्तेवेन्दुर्दश सुरगुरुः शुक्र एकादशेति। प्राहुर्गर्गप्रभृतिमुनयः क्षौर-कार्येषु नूनम्॥
(वाराही संहिता)

गर्गादि मुनियोंने कहा है कि रविवारको क्षौर करानेसे एक, मंगलवारको आठ और शनिवारको सात मासकी आयु क्षीण होती है, बुधवारको पाँच, सोमवारको सात, गुरुवारको दश और शुक्रवारको ग्यारह मासकी आयु बढ़ती है। (गृहस्थको सोमवार एवम् गुरुवारको भी क्षौर नहीं कराना चाहिये।)

तैलाभ्यङ्ग-विधि

षष्ठी, एकादशी, द्वादशी, अमावस्या, पूर्णिमा तथा रवि, मंगल, गुरु और शुक्रवारको तेल न लगायें, किन्तु सुगंधित तेल लगाया जा सकता है।

तैलाभ्यङ्गे रवौ तापः सोमे शोभा कुजे मृतिः। बुधे धनं गुरौ हानिः शुक्रे दुःखं शनौ सुखम्॥ रवौ पुष्पं गुरौ दूर्वा भौम-वारे च मृत्तिका। गोमयं शुक्रवारे च तैलाभ्यङ्गे न दोषभाक्॥ नित्यमभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम्॥ (ज्योतिषसार)

रविवारको तेल लगानेसे ताप, मंगलवारको मृत्यु, गुरुवारको हानि तथा शुक्रवारको दुःख होता है। सोमवारको शोभा, बुधवारको धन और शनिवारको सुख होता है। यदि निषिद्धवारोंमें तेल लगाना हो, तो रविवारको तेलमें पुष्प, गुरुवारको दूर्वा, मंगलवारको मृत्तिका और शुक्र-

CC0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

वारको गोबर डालकर लगायें, इससे दोष नहीं होता। सुगंधित तेल तथा प्रतिदिन तेल लगानेवालोंको भी दोष नहीं लगता।

अयन—मकर संक्रान्तिसे मिथुन संक्रांति (माघसे आषाढ़) तक "उत्तरायण" सूर्य, और कर्क संक्रान्ति से धनु संक्रान्ति (श्रावणसे पौष) तक "दक्षिणायन" सूर्य रहता है।

ऋतु—वसन्त–मीन और मेषकी संक्रान्ति (चैत्र, वैशाख); ग्रीष्म–वृष और मिथुन (ज्येष्ठ, आषाढ़); वर्षा–कर्क और सिंह (श्रावण, भाद्रपद); शरद्–कन्या और तुला (आश्विन, कार्तिक); हेमन्त–वृश्चिक और धनु (अगहन, पौष); शिशिर-मकर और कुम्भ (माघ, फाल्गुन)–इस प्रकार छः ऋतुएँ हैं।

सङ्कल्प

स्नान, दान, देवपूजन आदिके आरम्भमें सङ्कल्प करना चाहिये। दायें हाथमें केवल जल या जल-पुष्प आदि लें, नीचे लिखे सङ्कल्पमें 'अमुक' के स्थान पर उसके बाद जो शब्द है, उसका विशेष नाम पञ्चाङ्ग आदिमें देखकर बोलना चाहिये।

ब्राह्मण नामके अन्तमें **'शर्मा'**, क्षत्रिय **'वर्मा'**, वैश्य **'गुप्त'** और शूद्र **'दास'** कहें। श्राद्धतर्पणादिमें पितरोंके नामके अन्तमें भी इसी प्रकार बोलें।

ॐ तत्सदद्य श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्त्तमानस्य ब्रह्मणो द्वितीयप्रहरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे सप्तमे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे भारते वर्षे बौद्धावतारे आर्यावर्तैक-देशान्तर्गते (अमुक) देशे, पुण्य (अमुक) क्षेत्रे, (अमुक) ग्रामे, विक्रमसम्वत्सरे (अमुक) संख्यके, शालिवाहनशाके (अमुक)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

संख्यके, (अमुक) नाम्नि सम्वत्सरे, (अमुक) अयने, (अमुक) ऋतौ, (अमुक) मासे, (अमुक) पक्षे, (अमुक) तिथौ, (अमुक) वासरे, (अमुक) नक्षत्रे, (अमुक) गोत्रोत्पन्नः (अमुक) नामाहं मम कायिक-वाचिक-मानसिक-ज्ञाताज्ञात-सकलदोषपरिहारार्थं श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तफलप्राप्त्यर्थं श्री-परमेश्वरप्रीत्यर्थं (अमुक) काले, (अमुक) सम्मुखे, (अमुक) कर्म करिष्ये कहकर जलादि छोड़ें।

विशेष—यजमानके लिये सङ्कल्प करें, तो यजमानका षष्ठयन्त गोत्र तथा नाम उच्चारण करें, "मम" के स्थान पर "मम यजमानस्य" और अन्त में "करिष्ये" की जगह "करिष्यामि" कहें।

स्नान-विधि

मनुष्यके शरीरमें प्रधान ६ छिद्र हैं। वे रात्रिमें शयन करनेसे अपवित्र हो जाते हैं। इसलिए प्रातःस्नान अवश्य करें।

निपानादुद्धृतं पुण्यं ततः प्रस्रवणोदकम्। ततोऽपि सारसं पुण्यं ततो नादेयमुच्यते। तीर्थतोयं ततः पुण्यं गङ्गातोयं ततोऽधिकम्॥
(अग्निपुराण)

कुएँके जलसे झरनेका, झरनेसे सरोवरका, सरोवरसे नदीका, नदीसे तीर्थका और तीर्थसे गंगाजीका जल श्रेष्ठ-तर है।

संक्रान्त्यां रविवारे च सप्तम्यां राहुदर्शने। आरोग्ये पुत्रमित्रार्थे न स्नायादुष्णवारिणा॥ मृते जन्मनि संक्रान्तौ श्राद्धे जन्मदिने तथा। अस्पृश्यस्पर्शने चैव न स्नायादुष्णवारिणा॥ (वृद्ध मनु०)

संक्रान्ति, रविवार, सप्तमी, ग्रहण, सन्तानोत्पत्ति, मृताशौच, श्राद्ध, जन्मतिथिके दिन और अस्पृश्यसे छुए जानेपर गरम जलसे स्नान न करें।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

न दन्तधावनं कुर्याद् गङ्गागर्भे विचक्षणः ।
परिधेयाम्बराम्बूनि गङ्गास्रोतसि न त्यजेत् ॥ (पद्म पु०)

गंगाजीमें दतुअन न करें, स्नान के पश्चात् गंगाजीमें भीगी धोती न बदलें और न ही निचोड़ें ।

वासांसि धावतो यत्र पतन्ति जलबिन्दवः ।
तदपुण्यं जलस्थानं रजकस्य शिलाङ्कितम् ॥ (वृ०पा०स्मृ०)

धोबीके कपड़े धोनेका पत्थर तथा जितनी दूरी तक उस वस्त्रका छींटा पड़ता है, उतना जल अपवित्र रहता है ।

शौचकालका वस्त्र बदल, स्नानीय स्थानपर जा, सव्य हो, नीचे लिखी वरुण-प्रार्थना करें ।

अपामधिपतिस्त्वं च तीर्थेषु वसतिस्तव ।
वरुणाय नमस्तुभ्यं स्नानानुज्ञां प्रयच्छ मे ॥

पवित्र हो, स्नानार्थ सङ्कल्प कर, नीचे लिखे मन्त्रसे दायें हाथ से कटि-पर्यंन्त मृत्तिका लगायें । कटिके नीचे दाहिने हाथ तथा मन्त्रसे न लगायें ।

अश्वक्रान्ते ! रथक्रान्ते ! विष्णुक्रान्ते ! वसुन्धरे ! ।
मृत्तिके ! हर मे पापं यन्मया दुष्कृतं कृतम् ॥ (पद्म पु०)

तीर्थावाहन

पुष्कराद्यानि तीर्थानि गङ्गाद्याः सरितस्तथा ।
आगच्छन्तु पवित्राणि स्नानकाले सदा मम ॥१॥
गङ्गे ! च यमुने ! चैव गोदावरि ! सरस्वति !
नर्मदे ! सिन्धु ! कावेरि ! जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ॥२॥
कुरुक्षेत्र - गया - गङ्गा - प्रभास - पुष्पकराणि च ।
एतानि पुण्यतीर्थानि स्नानकाले भवन्त्विह ॥३॥
त्वं राजा सर्वतीर्थानां त्वमेव जगतः पिता ।
याचितं देहि मे तीर्थं तीर्थराज ! नमोऽस्तु ते ॥४॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भागीरथी (गङ्गाजी) की प्रार्थना

विष्णुपादाब्जसम्भूते ! गङ्गे ! त्रिपथगामिनि ! ।
धर्म्मद्रवेति विख्याते ! पापं मे हर जाह्नवी ! ॥१॥
गंङ्गा गङ्गेति यो ब्रूयाद् योजनानां शतैरपि ।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकञ्च गच्छति ॥२॥

नाभिपर्यन्त जलमें जाकर, प्रवाह या सूर्यकी ओर मुख करें। जलके ऊपर ब्रह्महत्या रहती है, इसलिये जल हिलाकर तीन गोते लगाने चाहियें।

घर में स्नान करें तो "पूर्वाभिमुख हो" पात्रमें जल ले वरुण, गङ्गा व तीर्थादिका आवाहन और सङ्कल्प कर, पैर तथा मुख धोकर, स्नान करें। शूद्रके हाथसे शरीरपर जल न गिरवायें।

यथेच्छ स्नान कर चुकने पर नीचे लिखे मन्त्रसे जलके बाहर एक अंजलि दें।

यन्मया दूषितं तोयं मलैः शरीरसम्भवैः ।
तस्य पापस्य शुद्धयर्थं यक्ष्माणं तर्पयाम्यहम् ॥

असमर्थ अवस्थामें नीचे लिखी क्रिया करनेसे भी स्नान का फल होता है।

आ-मणेर्बन्धनाद्धस्तौ पादौ चाजानुतः शुची ।
प्रक्षाल्य चाचामेद्विद्वानन्तर्जानुकरो द्विजः ॥बृ०पा०स्मृ०॥

मणिबन्ध (पहुँचे) तक हाथ तथा घुटनों तक पैर धो एवम् पवित्र होकर, दोनों घुटनोंके भीतर हाथ करके, आचमन करने से स्नान के समान ही शुद्धि होती है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

स्नानाङ्ग-तर्पण (घरमें न करें)

पूर्वकी ओर मुखकर तथा सव्य हो (जनेऊको बायें कन्धेपर कर) देवतीर्थसे एक-एक अंजलि दें।

ॐ ब्रह्मादयो देवास्तृप्यन्ताम्। ॐ भूर्देवास्तृ०। ॐ भुवर्देवास्तृ०। ॐ स्वर्देवास्तृ०। ॐ भूर्भुवः स्वर्देवास्तृ०॥

उत्तरकी ओर मुख कर तथा कण्ठी कर (जनेऊको गलेमें मालाकी तरह कर) कायतीर्थसे दो-दो अंजलियाँ दें।

ॐ मरीच्यादि ऋषयस्तृ० २। ॐ सनकादि द्वैपायनान्ता ऋषयस्तृप्यन्ताम् २। ॐ भूर्ऋषयस्तृ० २। ॐ भुवर्ऋषयस्तृ० २। ॐ स्वर्ऋषयस्तृ० २। भूर्भुवःस्वर्ऋषयस्तृ० २॥

दक्षिणकी ओर मुख कर तथा अपसव्य हो (जनेऊको दाहिने कन्धेपर कर) पितृतीर्थसे तीन-तीन अंजलियाँ दें।

ॐ कव्यवाडादयो देवपितरस्तृप्यन्ताम् ३। ॐ चतुर्दश यमास्तृप्यन्ताम् ३। ॐ भूः पितरस्तृ०। ॐ भुवः पितरस्तृ० ३। ॐ स्वः पितरस्तृ० ३। ॐ भूर्भुवः स्वः पितरस्तृ० ३। ॐ अमुकगोत्रा अस्मत्पितृपितामहप्रपितामहास्तृ० ३। ॐ अमुकगोत्रा अस्मन्मातापितामहीप्रपितामह्यस्तृ० ३॥ ॐ अमुकगोत्रा अस्मन्मातामहप्रमातामहवृद्धप्रमातामहाः सपत्नीकास्तृ० ३। ॐ आब्रह्मस्तम्बपर्यन्तं जगत्तृप्यताम् ३॥

नीचे लिखे मन्त्रसे जलके बाहर एक अंजलि दें।

अग्निदग्धाश्च ये जीवा येप्यदग्धा कुले मम।
भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्ता यान्तु परां गतिम्॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

नीचे लिखे मन्त्रसे जलके बाहर दाहिनी ओर शिखा निचोड़ें।

लतागुल्मेषु वृक्षेषु पितरो ये व्यवस्थिताः।
ते सर्वे तृप्तिमायान्तु मयोत्सृष्टैः शिखोदकैः॥

"सव्य हो", आचमनकर, जलके बाहर एक अंजलि दें।

यन्मया दूषितं तोयं शरीर-मल-सम्भवम्।
तस्य पापस्य शुद्ध्यर्थं यक्ष्मैतत्ते तिलोदकम्॥

वस्त्र-धारण-विधि

पुण्यकर्मोंमें दो वस्त्र धारण करें। अभावमें आधी धोती ओढ़ नया या धोबीका धोया हुआ वस्त्र धारण करें। अमावस्या, संक्रान्ति, रवि और श्राद्धके दिन साबुनसे वस्त्र न धोयें तथा धोबीको न दें। नीचे लिखे मन्त्रसे नया वस्त्र धारण करें।

ॐ परिधास्यै यशोधास्यै दीर्घायुत्वाय जरदष्टिरस्मि।
शतञ्च जीवामि शरदः पुरूचीरायस्पोषमभिसंव्ययिष्ये॥

(पारस्करगृह्यसूत्र)

विशेष—जलमें सूखे तथा स्थलपर भीगे वस्त्रसे सन्ध्यादि न करें। (वृ० स्मृ०)

आसन

मृगचर्म तथा कुशा और ऊनके आसन पवित्र होते हैं। आसन झाड़कर व कुशासनकी ग्रन्थि उत्तर-दक्षिण करके बिछायें।

शिखा-बन्धन-मन्त्र

शिखा बाँधकर सभी कर्म करने चाहियें। इसलिये नीचे लिखे मन्त्रसे या गायत्रीमन्त्रसे शिखा बाँधें। यदि शिखा न हो, तो शिखा-स्थानका स्पर्श करें।

चिद्रूपिणि! महामाये! दिव्यतेजः-समन्विते!।
तिष्ठ देवि! शिखामध्ये तेजोवृद्धिं कुरुस्व मे॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri

तिलक

तिलक किये बिना सन्ध्या, पितृकर्म और देवपूजा आदि न करें। चन्दनादिके अभावमें जलादिसे तिलक करें।

अनामिका शान्तिदोक्ता मध्यमायुष्करी भवेत्।
अङ्गुष्ठः पुष्टिदः प्रोक्तः तर्जनी मोक्षदायिनी॥ (स्क० पु०)

तिलक करनेमें अनामिका शान्ति देनेवाली, मध्यमा आयु बढ़ानेवाली, अंगुष्ठ पुष्टि देनेवाला और तर्जनी मोक्ष देनेवाली है। चकलेपरसे चन्दन नहीं लगाना चाहिये।

चन्दन-धारण-मन्त्र

चन्दनस्य महत्पुण्यं पवित्रं पापनाशनम्।
आपदं हरते नित्यं लक्ष्मीस्तिष्ठति सर्वदा॥

तिलक-धारण-विधि

ललाटमें केशव, कण्ठमें पुरुषोत्तम, हृदयमें वैकुण्ठ, नाभिमें नारायण, पीठमें पद्मनाभ, बायें पार्श्व (पसवाड़ा) में विष्णु, दाहिनेमें वामन, बायें कानमें यमुना, दाहिनेमें गङ्गा, बाईं भुजामें कृष्ण, दाहिनीमें हरि, मस्तकमें हृषीकेश और गर्दनमें दामोदरका स्मरण करते हुए, इन तेरह स्थानोंपर चन्दन लगायें।

भस्म-धारण-विधि

प्रातः जलमिश्रित, मध्याह्नमें चन्दनमिश्रित और सायंकालमें सूखी भस्म लगायें। बायें हाथमें भस्म ले, दाहिने हाथसे नीचे लिखे मन्त्रसे अभिमन्त्रित करें।

ॐ अग्निरिति भस्म। ॐ वायुरिति भस्म।
ॐ जलमिति भस्म। ॐ स्थलमिति भस्म।
ॐ व्योमेति भस्म। ॐ सर्वꣳह वा इदं भस्म।
ॐ मन एतानि चक्षूंषि भस्मानीति॥

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

भस्म-धारण-मन्त्र

नीचे लिखे मन्त्रोंसे यथास्थान भस्म लगायें।

ॐ 'त्र्यायुषं जमदग्नेः' ललाटमें। ॐ 'कश्यपस्य त्र्यायुषम्' कण्ठमें। ॐ 'यद्देवे त्र्यायुषम्' भुजाओंमें। ॐ 'तन्नो अस्तु त्र्यायुषम्' हृदयमें।

यज्ञोपवीत-धारण-विधि

सङ्कल्पकर दो यज्ञोपवीत धारण करें। यदि मलमूत्र त्यागते समय यज्ञोपवीत कानमें टाँगना भूल जायें, तो नया बदलें।

श्रावणी कर्ममें पूजन किया हुआ यज्ञोपवीत न हो, तो नूतन यज्ञोपवीतको जलसे शुद्ध कर, दश बार गायत्री मन्त्रसे अभिमन्त्रित कर, नीचे लिखे मन्त्रोंसे प्रत्येक सूत्र एवम् ग्रन्थिमें नीचे लिखे अनुसार देवताओंका आवाहन करें।

प्रथमतन्तौ—ॐ ॐ कारमावाहयामि। द्वितीयन्तौ—ॐ अग्निमावाहयामि। तृतीयतन्तौ—ॐ सर्पानावाहयामि। चतुर्थतन्तौ— ॐ सोममावाहयामि। पञ्चमतन्तौ—ॐ पितॄनावाहयामि। षष्ठतन्तौ—ॐ प्रजापतिमावाहयामि। सप्तमतन्तौ—ॐ अनिलमावाहयामि। अष्टमतन्तौ—ॐ सूर्यमावाहयामि। नवमतन्तौ—ॐ विश्वान्देवानावाहयामि। ग्रन्थि में–'ॐ ब्रह्मणे नमः' ब्रह्माणमावाहयामि। 'ॐ विष्णवे नमः' विष्णुमावाहयामि। 'ॐ रुद्राय नमः' रुद्रमावाहयामि॥

इस प्रकार आवाहन करके नीचे लिखे मन्त्रसे यज्ञोपवीत धारण करना चाहिये।

यज्ञोपवीत-धारण-विनियोग एवम् मन्त्र

विनियोग–ॐ यज्ञोपवीतमितिमन्त्रस्य परमेष्ठी ऋषिः लिङ्गोक्ता देवता त्रिष्टुप्छन्दः यज्ञोपवीतधारणे विनियोगः।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

यज्ञोपवीत धोकर, प्रत्येक बार मंत्र बोलते हुए, एक-एक धारण करें।

ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात् ।
आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः ॥

जीर्ण-यज्ञोपवीत-त्याग-मन्त्र

पुराने यज्ञोपवीतको कंठीकर सिरपरसे पीठकी ओर निकालकर, यथासंख्य गायत्रीमन्त्रका जप करना चाहिये।

एतावद्दिनपर्यन्तं ब्रह्म त्वं धारितं मया ।
जीर्णत्वात्त्वत्परित्यागो गच्छ सूत्र यथासुखम् ॥

कुशा-ग्रहण-विधि

भाद्रपद मासकी कुशोत्पाटिनी अमावस्याको ग्रहण की हुई कुशा बारह मास, अन्य अमावस्याकी एकमास, पूर्णिमाकी पन्द्रह दिन और प्रत्येक अन्य दिनकी उसी दिन तक पवित्र रहती है। सन्ध्या, पितृकार्य और देवपूजनमें अग्र और मूल सहित दो कुशाओंकी पवित्री दाहिने, और तीनकी बायें हाथकी अनामिका की जड़में धारण करें।

प्रादेशमात्रं दर्भः स्याद् द्विगुणं कुशमुच्यते ।
कृतरत्निर्भवेद्बर्हिस्तदूर्ध्वं तृणमुच्यते ॥ (कर्मकाण्ड समु०)

एक प्रादेश (अँगूठा और तर्जनी फैलाना) का दर्भ, दो प्रादेशकी कुशा और हाथकी कोहनीसे कनिष्ठा अँगुलीकी जड़ पर्यन्तका बर्हि कहा जाता है, इससे लम्बा तृण कहलाता है।

पूर्व या उत्तरमुख हो कुशाका पूजनकर नीचे लिखी प्रार्थना करें। पश्चात् प्रत्येक बार "हूँ फट्" बोलकर जड़ सहित उखाड़ें। हाथसे छोटी अर्थात् उपर्युक्त श्लोकानुसार ही लें।

कुशा-ग्रहण-मन्त्र

विरञ्चिना सहोत्पन्न ! परमेष्ठिनिसर्गज ! ।
नुद सर्वाणि पापानि दर्भ ! स्वस्तिकरो भव ॥ (मार्क० पु०)

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

त्यागयोग्यकुशा

ये तु पिण्डास्तृता दर्भा यैः कृतं पितृतर्पणम् ।
अमेध्याशुचिलिप्ता ये तेषां त्यागो विधीयते ॥ (गृहपरि०)

पिण्डके नीचे तथा ऊपरकी, तर्पणकी तथा अपवित्र जगहमें पड़ी हुई कुशाओंको त्याग देना चाहिये ।

जप-विधि

जप करते समय दाहिना हाथ गोमुखीमें डालें या वस्त्रसे ढक लें । शिरपर हाथ तथा वस्त्र न रखें । "वाचिक जप" धीरे-धीरे बोलकर, "उपांशु" दूसरे नहीं सुनें तथा "मानस" जिह्वा और होंठ न हिलाकर करना उत्तरोत्तर उत्तम है । जप करते समय हिलना, ऊँघना, बोलना और मालाका गिरना निषिद्ध है । यदि बोल लें तो भगवत्-स्मरण कर फिरसे जप आरम्भ करें ।

गृहे चैकगुणः प्रोक्तो गोष्ठे शतगुणः स्मृतः ।
पुण्यारण्ये तथा तीर्थे सहस्रगुण उच्यते ॥
अयुतं पर्वते पुण्यं नद्यां लक्षगुणो जपः ।
कोटिर्देवालये प्राप्ते अनन्तं शिवसन्निधौ ॥

घरमें जप करनेसे एक गुना, गौओंके समीपमें सौ गुना, पवित्र वन या बगीचे और तीर्थमें हजार गुना, पर्वतपर दश हजार गुना, नदी-तीरपर लाख गुना, देवालयमें करोड़ गुना तथा शिवके समीपमें अनन्त गुना फल होता है ।

प्रातर्नाभौ करं कृत्वा मध्याह्ने हृदि संस्थितम् ।
सायं जपति नासाग्रे जपस्तु त्रिविधः स्मृतः ॥ (धर्मप्रकाश)

CC-0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

कृत्वोत्तानौ करौ प्रातः सायं न्युब्जौ करौ तथा ।
मध्याह्ने हृदयस्थौ तु कृत्वा जपमुदीरयेत् ॥
प्रातर्मध्याह्नयोस्तिष्ठन् गायत्री-जपमारभेत् ।
ऊर्ध्वजानुस्तु सायाह्ने ध्यानालोकनतत्परः ॥ (आह्निक)

प्रातःकालमें हाथको सीधा तथा अँगुलियोंको ऊपरकी ओर कर नाभिके समीप, मध्याह्नमें हृदयके समीप और सायंकालमें दाहिना घुटना खड़ाकर नासिकाके समीप उलटा हाथ करके जप करें।

यस्मिन्स्थाने जपं कुर्यात् शक्रो हरति तज्जपम् ।
तन्मृदा लक्ष्म कुर्वीत ललाटे तिलकाकृतिः ॥ (व्यास-स्मृति)

जिस आसनपर बैठकर जप किया हो, उसके नीचेकी मृत्तिका मस्तकमें लगायें। ऐसा न करनेसे जपके फलको इन्द्र ले लेता है।

माला-विधि

प्रत्येक मणिके बीचमें ग्रन्थि दी हुई सुमेरुको छोड़कर १०८ मणियोंकी माला सबसे उत्तम है। मालाको अनामिका पर रखकर अँगूठेसे स्पर्श करते हुए मध्यमासे फेरें। सुमेरुका उल्लंघन न करें। दोबारा फेरते समय सुमेरुके पाससे माला घुमाकर जप करें।

माला-प्रार्थना

मालाका पूजन तथा प्रार्थना करके फेरनेसे विशेष फल होता है।

ॐ महामाये ! महामाले ! सर्वशक्तिस्वरूपिणि ! ।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव ॥
अविघ्नं कुरु माले ! त्वां गृह्णामि दक्षिणे करे ।
जपकाले च सिद्ध्यर्थं प्रसीद मम सिद्धये ! ॥

CC0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Naisigarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

देवमन्त्रकी कर-माला

(शक्तिकी करमाला सन्ध्यामें देखें)

दाहिने हाथकी अँगुलियोंको मिलाकर हथेलीकी ओर कुछ टेढ़ी करें। अलग-अलग रहनेसे जपका पूर्ण फल नहीं मिलता है।

अङ्गुल्यग्रे च यज्जप्तं यज्जप्तं मेरुलङ्घनात्।
पर्वसन्धिषु यज्जप्तं तत्सर्वं निष्फलं भवेत्॥

अँगुलीके अग्रभाग (नखके पास) तथा पर्वकी लकीरपर और सुमेरुका उल्लंघनकर किया हुआ जप निष्फल होता है।



नं० १



नं० २

चित्र सं० १ के अनुसार अंक १ से आरंभ करके १० अंक तक अँगूठेसे जप करनेसे एक करमाला होता है। इसी प्रकार दश करमाला जप करके चित्र सं० २ के अनुसार अंक १ से आरंभ कर ८ अंक तक जप करनेसे १०८ संख्याकी माला होती है।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

आरभ्यानामिकामध्यं पर्वाण्युक्तान्यनुक्रमात् ।
तर्जनी—मूल—पर्यन्तं जपेद्दशसु पर्वसु ॥
मध्यमाङ्गुलिमूले तु यत्पर्वद्वितयं भवेत् ।
तं वै मेरुं विजानीयाज्जाप्ये तं नातिलङ्घयेत् ॥ (गायत्री कल्प)

आचमन-विधि

पुण्यकर्मोंके आरंभमें आचमन अवश्य करें। ब्राह्मणके हृदय, क्षत्रियके कंठ तथा वैश्यके तालुमें जल पहुंचने से आचमन होता है। प्रथम आचमनसे "आध्यात्मिक", दूसरेसे "आधिभौतिक" व तीसरेसे "आधिदैविक" तापोंकी शान्ति होती है। दाहिने हाथमें जल ले, अँगूठे तथा कनिष्ठाको अलग कर, नीचे लिखे प्रत्येक नाम बोलकर, ब्रह्मतीर्थसे आचमन करनेसे एक आचमन होता है। किन्तु ओष्ठका शब्द करना निषिद्ध है।

ॐ केशवाय नमः ॥ ॐ नारायणाय नमः ॥ ॐ माधवाय नमः ॥

पश्चात् अँगूठेके मूलसे दो बार होंठोंको पोंछकर "ॐ हृषीकेशाय नमः" बोलकर हाथ धोयें।

जलके अभावमें दाहिने कान तथा नासिकाको अँगूठेसे स्पर्श करें। (पराशर)

अग्नितीर्थ—दाहिनी हथेली का मध्य।

ब्रह्मतीर्थ—अँगूठेका मूल।

देवतीर्थ—अँगुलियों का अग्रभाग।

कायतीर्थ—कनिष्ठाका मूल।

पितृतीर्थ—तर्जनीका मूल।



CC0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

अर्घ-विधि

चित्रके अनुसार पूर्वाभिमुख खड़ा हो, दोनों पैरोंके अग्रभाग बराबर कर, जल तथा पुष्पादि ले, तर्जनीसे अँगूठेको अलग रखते हुए नीचे लिखे प्रत्येक नाम से एक-एक अर्घ दें।

ॐ श्रीगणेशाय नमः। ॐ सत्यनारायणाय नमः। ॐ ब्रह्मणे नमः। ॐ विष्णवे नमः। ॐ रुद्राय नमः। ॐ देव्यै नमः। ॐ नवग्रहेभ्यो नमः। ॐ इष्टदेवताभ्यो नमः। ॐ कुलदेवताभ्यो नमः। ॐ ग्रामदेवताभ्यो नमः। ॐ पञ्चलोकपालेभ्यो नमः। ॐ दशदिक्पालेभ्यो नमः। ॐ अष्टकुलनागेभ्यो नमः। ॐ अष्टवसुदेवताभ्यो नमः। ॐ पञ्चभूतेभ्यो नमः। ॐ भूरादिलोकेभ्यो नमः। ॐ साक्षीभूताय नमः। ॐ धर्मराजाय नमः। ॐ चित्राय नमः। ॐ चित्रगुप्ताय नमः। ॐ श्रवणदेवताभ्यो नमः। ॐ मित्राय नमः। ॐ वरुणाय नमः। ॐ कुबेराय नमः॥

नीचे लिखे मन्त्रसे सूर्यनारायणको अर्घ दें।

ऐहि सूर्य! सहस्रांशो! तेजोराशे! जगत्पते!।
अनुकम्पय मां भक्त्या गृहाणार्घ्यं दिवाकर!॥

सन्ध्या-विधि

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्योंको सन्ध्या अवश्य करनी चाहिये।

CC0. In Public Domain Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation Delhi and eGangotri.

सन्ध्या न करनेसे शुभ कर्मोंका पूर्णफल प्राप्त नहीं होता। जलमें सूखा वस्त्र और स्थलमें गीला वस्त्र धारणकर सन्ध्या-तर्पण न करें।

सन्ध्याहीनोऽशुचिर्नित्यमनर्हः सर्वकर्मसु।
यदन्यत्कुरुते कर्म न तस्य फलभाग् भवेत्॥

